




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 128 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 08 फरवरी 2025 डाक 09 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा


**विविधा**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हावेरी के रानीबेन्नूर पहुंचने पर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने स्वागत किया



**देश-विदेश**

बिहार के लोगों को मिलेगा रोजगार, यहां बनेगा प्रधानमंत्री एकता मॉल, सभी राज्यों का दिखेगा उत्पाद



**फीचर**

क्या कैन वाले पेय पीना सेहत के लिए हानिकारक होते हैं?



# 27 साल का वनवास खत्म, दिल्ली में प्रचंड जीत की ओर भाजपा




**नईदिल्ली, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हो गई है। चुनावी मैदान में 70 सीटों के लिए 699 उम्मीदवार हैं। पांच फरवरी को करीब 13 हजार से अधिक बूथों पर कुल 60.54 फीसदी मतदान हुआ था। मतगणना केंद्रों की निगरानी भी सीसीटीवी के अलावा पर्यवेक्षकों की निगरानी में हो रही है। नईदिल्ली में अबकी बार बीजेपी की सरकार बनते दिख रही है। नई दिल्ली सीट से दिल्ली में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की बहुत बुरी हार हुई है। कांग्रेस की कहीं चर्चा नहीं है, क्योंकि पार्टी लगातार तीसरी बार खाता खोलने में नाकाम रही है।अब भाजपा के प्रवेश वर्मा आगे हो गए हैं। रुझानों में बीजेपी का कमल लगातार खिल रहा है। बीजेपी ने अब तक 44 सीटों पर बढ़त बना ली है। आप को झटके पर झटका लग रहे हैं। आप को 26 सीटों पर बढ़त है। इससे पहले भाजपा ने 1993 में भाजपा ने दिल्ली में सरकार बनाई थी।

लगातार तीन बार इस सीट का प्रतिनिधित्व करने वाली दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को 2013 विधानसभा चुनाव में शिकस्त देकर अरविंद केजरीवाल दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुए थे। उन्होंने लगातार तीन बार इस विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया। इस समय यह सीट केजरीवाल के पास है। वहीं रुझानों के बीच केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा, मैंने कल दिल्ली से लौटने के दौरान ही कह दिया था कि 12 घंटे के इंतजार के बाद यह स्पष्ट है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि हम लोग सरकार बनाने जा रहे हैं। एक समय था कि देश में कई राज्यों में हम सरकार बना नहीं सकते थे, तब हम दिल्ली में सरकार बनाते थे। अभी पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के साथ जनता खड़ी है। अभी विकास, उन्नति, प्रगति यह जीती है, तो उसमें मुझे यह लगता है भाजपा नहीं, भारत की जनता जीती है। दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है।

### स्वाति मालीवाल की प्रतिक्रिया

दिल्ली चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए स्वाति मालीवाल ने चीरहरण का फोटो पोस्ट किया। केजरीवाल के घर पर स्वाति के साथ कथित तौर पर मारपीट हुई थी।

### शाम 7 बजे पार्टी मुख्यालय जाएंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम 7 बजे पार्टी मुख्यालय जाएंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। भाजपा ने यह चुनाव मोदी के फेस पर ही लड़ा था। मोदी ने कहा था कि आप मेरी गारंटी पर वोट दो।साथ ही पीएम मोदी ने ही आम आदमी पार्टी के लिए आपदा शब्द का इस्तेमाल किया था, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा।

### दिल्ली के लोग प्रयोगात्मक राजनीति से तंग आ चुके थेः सुधांशु त्रिवेदी

दिल्ली चुनाव के रुझानों पर भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हम अंतिम नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। हमारा मानना है कि अंतिम नतीजे भाजपा के पक्ष में और भी बेहतर और निर्णायक होंगे। यह दिखाता है कि लोगों को पीएम मोदी के वादों पर कितना भरोसा है। यह हमारे लिए सकारात्मक परिणाम है... दिल्ली के लोग प्रयोगात्मक राजनीति से तंग आ चुके थे।

### कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा हमें जनता का फैसला स्वीकार

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा, अब तक के रुझानों में ऐसा लग रहा है कि वे (भाजपा) सरकार बनाएंगे। हमने मुद्दे उठाए लेकिन मुझे लगता है कि लोगों ने सोचा कि हम सरकार नहीं बनाने जा रहे हैं। हम लोगों के फैसले को स्वीकार करते हैं।

### भाजपा बोली- आप सिर्फ बातें करती है, और कुछ नहीं

भाजपा नेता नलिन कोहली ने कहा, जो रुझान आ रहे हैं, उससे पता चलता है कि दिल्ली की जनता अब आप के साथ नहीं है। लोगों के सामने 2 मॉडल थे। पहला- बीजेपी का मॉडल कि वह संकल्प पत्र में किए गए सभी वादे पूरे करती है। दूसरा- आप सिर्फ बातें करने के अलावा कुछ नहीं करती।

### केजरीवाल-सिसोदिया समेत कई बड़े चेहरे हारे

*आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से चुनाव हार गए है। बीजेपी के प्रवेश वर्मा ने यहां से जीत हासिल की है. केजरीवाल का यह चौथा चुनाव था और वे पहली बार चुनाव हारे हैं। वहीं जंगपुरा सीट से मनीष सिसोदिया 675 वोट से हार गए हैं। भाजपा के तरविंदर सिंह ने जीत दर्ज की।*

## भाजपा की सरकार बनी तो कौन बनेगा दिल्ली का सीएम मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी या नुपूर शर्मा



**नईदिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। अब तक के रुझानों के आधार पर 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। हालांकि अंतिम परिणाम का इंतजार रहेगा। इस बीच, चर्चा चल पड़ी है कि भाजपा की सरकार में मुख्यमंत्री कौन बनेगा। कुछ नाम चर्चा में हैं जैसे - सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, नई दिल्ली सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे प्रवेश वर्मा और मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले रमेश बिधूड़ी।

## पटना पहुंचे केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, कहा- दिल्ली में भाजपा सरकार, कांग्रेस एक बार फिर रोएगी रोना



**पटना।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के शुरुआती रुझानों और नतीजों के बीच केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दिल्ली में भाजपा सरकार बनने का दावा किया है। केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने कहा कि दिल्ली में भाजपा न केवल आगे है बल्कि वहां भाजपा की ही सरकार बनेगी। हार के बाद कांग्रेस को एक बार फिर से पुराना रोना ही रोना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अभी से ही वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और अन्य तरह के बहाने बना रही है। मांझी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें अब बचपना छोड़ना चाहिए, वह जिस तरह के आरोप लगा रहे हैं वह बचकाना है, उन्हें मैच्योरिटी दिखानी चाहिए। बिहार में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने को लेकर लालू यादव के बयान पर केंद्रीय मंत्री मांझी ने कहा कि लालू यादव दिवास्वप्न देख रहे हैं। तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना उनके लिए केवल ख्याली पुलाव है। तेजस्वी यादव बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर केवल राजनीति कर रहे हैं।


## एनडीए का उपाध्यक्ष बनना चाहते थे चंद्रबाबू नायडू, पूर्व पीएम देवगौड़ा ने किया बड़ा दावा



**नईदिल्ली, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने राज्यसभा में बड़ा दावा किया है और उनके इस दावे के बाद एनडीए के खेमे में खलबली मच गई होगी। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को लेकर यह दावा किया है कि, लोकसभा चुनाव 2024 के बाद नायडू एनडीए का उपाध्यक्ष बनना चाहते थे।उन्होंने बताया कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा करने से मना कर दिया था। हालांकि, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ऐसी किसी भी बात से इनकार किया है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि, चंद्रबाबू नायडू अपने 16 सांसदों के साथ एनडीए सरकार का समर्थन करते हैं। वो इस गठबंधन का उपाध्यक्ष बनना चाहते थे। लेकिन पीएम मोदी इससे सहमत नहीं हुए, क्योंकि पीएम जानते हैं कि प्रशासन कैसे चलाना है। राज्यसभा में पूर्व पीएम देवगौड़ा ने कहा कि, यूपीए सरकार में सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं था, बल्कि एक उपाध्यक्ष भी था। सत्ता का केंद्र अध्यक्ष के पास था। लेकिन, पीएम मोदी ने किसी को भी सरकार को संभालने या उसमें दखल देने की इजाजत नहीं दी है। उन्होंने कहा कि, सरकार का कहना है कि उसने गरीबों, मध्यम वर्ग, युवाओं और महिलाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस प्राथमिकता को प्राप्त करने, लागू करने और उपेक्षित वर्ग की संभावनाओं को पूरा करने के लिए पांच सालों तक स्थिर सरकार का होना बहुत जरूरी है। पूर्व पीएम ने कहा कि, अब हमारे जैसे क्षेत्रीय दलों के समर्थन से 305 सदस्यों के साथ यह सरकार पूरे पांच साल चलेगी। पीएम से कोई किसी तरह का फायदा नहीं उठा सकता है। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री के इस दावे को लेकर अपना जवाब दिया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि, पार्टी अध्यक्ष के तौर पर मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि, एनडीए में ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। सभी दलों के नेताओं ने पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार किया है।

## कांग्रेस नेता के फार्म हाउस से शराब जब्त, दुर्ग पुलिस ने मारी रेड



**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त कार्रवाई में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र वर्मा के फार्म हाउस में पांच सौ पेटी शराब पकड़ी है। नगरीय निकाय चुनाव में बांटने के लिए शराब को जमा किया गया था। जानकारी के अनुसार, पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फुंडा स्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र वर्मा के फार्म हाउस बड़ी मात्रा में शराब रखे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने रात को छामापार कार्रवाई कर शराब को जब्त किया है। मौके पर अभी भी तीन थानों के प्रभारी और एडिशनल एसपी मौजूद बताए गए हैं।

## लापता यात्री विमान हुआ हादसे का शिकार, समुद्री बर्फ पर मिला मलबा, सभी 10 यात्रियों की मौत

**अलास्का, 08 फरवरी [एजेंसी]।**



अलास्का पश्चिमी अलास्का में नोम समुदाय के लिए जाना वाला एक छोटा यात्री विमान शुक्रवार को हादसे का शिकार हो गया है। जानकारी के मुताबिक, उसमें सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई है। मामले में अमेरिकी तट रक्षक के प्रवक्ता माइक सालेर्नो ने बताया कि बचावकर्मी हेलीकॉप्टर से विमान के अंतिम ज्ञात स्थान की खोज कर रहे थे, तभी उन्हें मलबा दिखाई दिया। उन्होंने जांच के लिए दो बचाव तैराकों को उतारा। जानकारी के मुताबिक, उड़ान के करीब एक घंटे के अंदर विमान का संपर्क टूट गया था। अलास्का के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के अनुसार, बेरिंग एयर का एकल इंजन वाला टर्बोप्रॉप विमान गुरुवार दोपहर को नौ यात्रियों और एक पायलट के साथ उनालाकलीट से रवाना हुआ था। बेरिंग एयर के संचालन निदेशक डेविड ओल्सन ने बताया कि सेसना कारवां दोपहर 2.37 बजे उनालाकलीट से रवाना हुआ था। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, हल्की बर्फबारी और कोहरा था, तापमान 17 डिग्री था। विमान के बारे में एयरलाइन के विवरण के अनुसार, यह अपनी अधिकतम यात्री क्षमता पर काम कर रहा था।

## रोजगार सहायक की सैलरी 9 हजार... छापे में पता चला 15 बार विदेश घूमने गया था, मिली करोड़ों की संपत्ति



**मुरैना, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

नौ हजार रुपये मासिक वेतन पाने वाले पहाड़गढ़ जनपद की कहारपुरा पंचायत के ग्राम रोजगार सहायक (जीआरएस) रामअवतार धाकड़ के पास करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज व कुछ नकदी तथा जेवर पाए जाने का दावा लोकायुक्त ने किया है। रोजगार सहायक विदेश घूमने का भी शौकीन बताया गया है, उसकी दुबई, श्रीलंका यात्राओं के बारे में भी लोकायुक्त टीम जानकारी जुटा रही है। रोजगार सहायक धाकड़ के खिलाफ गांव के लोगों ने जिला पंचायत सीईओ, कलेक्टर से लेकर ईओडब्ल्यू व लोकायुक्त तक में भ्रष्टाचार, आय से अधिक संपत्ति जुटाने की शिकायतें की थीं। उसके कैलारस में पहाड़गढ़ रोड पर बने घर, मनोहरपुरा गांव में बनाए गए आलीशान घर, ग्वालियर के तानसेन नगर की ओम रेसीडेंसी के किराए के फ्लैट पर एक साथ दबिश दी गई। ग्वालियर में किराए के घर से कीमती सामान मिला है। मनोहरपुरा व कैलारस के घरों में ग्वालियर के पुरानी छावनी में एक प्लाट, कैलारस में दो प्लाट, कैलारस व मनोहरपुरा के दो घरों के अलावा खेती की जमीन के दस्तावेज मिले हैं। अलमारियों में 250 ग्राम सोने के गहने, ढाई लाख रुपये नकद, कई बैंक खाते, एलआईसी व बीमा कंपनियों में पांच लाख से अधिक निवेश के दस्तावेजों के साथ एक जेसीबी, एक बोलेरो, ट्रैक्टर-ट्राली, बाइक व स्कूटी मिली।

मनोहरपुरा के आलीशान घर से अवैध पिस्टल मिली है। बताया गया है कि यह मकान वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाया गया है। 20 से 25 बीघा सरकारी जमीन पर भी उसके कब्जे की बात सामने आई है।

## महासमुंद में 2 बाराती की मौत, पिकअप का टायर फटा

**महासमुंद, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

बीती रात जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ओडिशा से बारात लेकर वापस आ रहा पिकअप वाहन टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं 4 से 5 लोग घायल हुए हैं। यह घटना नरतोरा के पास की है। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने 112 और पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पटेवा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव लाया। बताया जा रहा कि पिकअप में सवार लगभग आधा दर्जन लोगों में से दो लोगों की मौत हो गई है. बाकी 5 लोगों का इलाज जारी है। बारात बरभाठा पटेवा से ओडिशा गई थी और बीती रात वापस आने के दौरान यह हादसा हुआ है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## दसवीं-बारहवीं की परीक्षा एक मार्च से



**रायपुर।** सीजी बोर्ड के तहत दसवीं-बारहवीं की परीक्षा एक मार्च से शुरू है। इस परीक्षा के लिए प्रदेश में ढाई हजार से अधिक केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 170 से अधिक केंद्र संवेदनशील और अति संवेदनशील की लिस्ट में शामिल है। इसमें सबसे अधिक गरियाबंद, कोंडागांव, कांकेर समेत अन्य जिलों के केंद्र हैं। पिछली बार भी इन्हें संवेदनशील की सूची में रखा गया था। इसी तरह विभिन्न कारणों से करीब दर्जनभर पुराने एग्जाम सेंटर को इस बार बंद किया गया है। अफसरों का कहना है कि पिछली बार जो केंद्र संवेदनशील और अति संवेदनशील की श्रेणी में थे। उसकी लिस्ट बनाई गई है। इससे संबंधित जानकारी जिला शिक्षा अधिकारियों से मांगी गई है। वहां से जवाब आने के बाद फाइनल लिस्ट तैयार होगी। उधर, बोर्ड एग्जाम के लिए उड़न दस्ते का गठन मंडल के अलावा अन्य जगहों से भी होगा। जो केंद्र संवेदनशील और अति संवेदनशील है उस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। दसवीं-बारहवीं सीजी बोर्ड एग्जाम के लिए इस बार 5.71 लाख छात्रों ने आवेदन किया है। पिछली बार की तुलना में छात्रों की संख्या 27 हजार तक कम हुई है। बारहवीं की परीक्षा 1 मार्च से और दसवीं की परीक्षा 3 मार्च से होगी। यह परीक्षाएं 28 मार्च तक आयोजित की जाएगी।

# कलेक्टर और एसपी ने किया आईटी कॉलेज, कटघोरा और पाली में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

## निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी की तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कोरबा । जिले में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के सफल आयोजन हेतु तैयारियां जारी है। नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत मतदान सामग्री का वितरण मतदान से एक दिन पहले 10 फरवरी को निर्धारित स्थानों से किया जाएगा। इसके लिए नगर पालिक निगम कोरबा और बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद अंतर्गत मतदान सामग्रियों का वितरण तथा सामग्री की वापसी आईटी कॉलेज में एवं नगर पालिका परिषद दीपका, कटघोरा, नगर पंचायत छुरी अंतर्गत चुनाव सामग्री का शासकीय मुकटधर महाविद्यालय कटघोरा से तथा नगर पंचायत पाली हेतु सामग्री का वितरण पाली में किया जाएगा। नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत तथा पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने आज कोरबा के आईटी कॉलेज कोरबा, कटघोरा तथा पाली में निर्मित स्ट्रांग रूम तथा 10 फरवरी को किए जाने वाले निर्वाचन सामग्री वितरण की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों के प्रवेश, उनकी वाहन व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सामग्री वितरण के लिए बनाए जाने वाले काउंटर इत्यादि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने यहाँ सभी आवश्यक सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे मतदान दल आसानी से सामग्री लेकर रवाना हो सकें। कलेक्टर श्री वसंत ने स्ट्रांग रूम तथा सामग्री वितरण और वापसी स्थल आईटी कॉलेज कोरबा, कटघोरा और पाली का निरीक्षण



किया। उन्होंने कटघोरा-पाली एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री रोहित सिंह, सुश्री सीमा पात्रे से निर्वाचन हेतु की गई तैयारी की जानकारी ली। उन्हांने यहां रुट व्यवस्था, मतदान केंद्रों की जानकारी, ईवीएम मतगणना कक्ष के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अन्तर्गत मतपेटी वितरण, काउंटर की जानकारी, टेबुलेशन की जानकारी लेकर निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान लॉ एंड ऑर्डर बनाये रखने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देशित किया किया संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सतत निगरानी रखी जाएं। मतदान सामग्री वितरण समय पर करने के साथ ही निर्धारित मतदान केंद्रों में मतदान दल समय पर पहुंच जाएं। कलेक्टर ने मतदान दलों के रवानगी और समय पर मतदान केंद्रों पर पहुचने, समय पर मतदान कराने के साथ ही सुरक्षित वापसी के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

# छुटे हुए ईडीवी मतदाताओं ने कलेक्ट्रेट में बने सुविधा केंद्र में किया मतदान



### 09 फरवरी तक ईडीवी मतदाता केंद्र में डाल सकते है वोट

कोरबा । जिले के छूटे हुए निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र मतदाताओं को मतदान कराने हेतु कलेक्ट्रेट कोरबा के पुराने सभाकक्ष में सुविधा केंद्र बनाया गया है। जहां मतदान के लिए छुटे हुए ईडीवी मतदाता पहुँचकर मतदान कर रहे है। आगामी 9 फरवरी 2025 तक पुराने सभाकक्ष में बने सुविधा केंद्र में ईडीवी मतदाता आकर मतदान कर सकते है। गौरतलब है कि जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान चुनाव कार्य में नियुक्त कर्मचारियों हेतु कोरबा, कटघोरा एवं पाली में सुविधा केंद्र निर्मित कर चिन्हाकिंत ईडीवी मतदाताओं को मतदान कराया गया है एवं छूटे हुए मतदाताओं के लिए कलेक्ट्रेट के पुराना सभाकक्ष में सुविधा केंद्र बनाया गया है।

# कलेक्ट्रेट में आमजनों को दी गई ईवीएम से वोटिंग की जानकारी

## जिला कार्यालय के राजकुमार कंवर, वकीलगण एवं आम नागरिक ईवीएम से वोट डालने की प्रकिया से हुए अवगत



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में जिले में नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व आमजनों को ईवीएम मशीन से मतदान के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में आज जिला कार्यालय में प्रदर्शनी लगाकर कर्मचारियों एवं अपने कार्य से जिला कार्यालय आने वाले लोगों को ईवीएम मशीन से मतदान के सम्बंध में जानकारी दी गई। जिला कार्यालय में कार्यरत सहायक ग्रेड 02 श्री राजकुमार कंवर ने नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान ईवीएम मशीन से मतदान प्रक्रिया को गम्भीरता से अवलोकन किया एवं बटन दबाकर वोटिंग प्रकिया से अवगत हुए। इसी प्रकार अपने कार्य से कलेक्ट्रेट आने वाले वकीलगण एवं अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट आने वाले ग्रामीणों ने भी ईवीएम से वोटिंग के सम्बंध में जानकारी लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

### प्रयास आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा। प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन जारी है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 फरवरी 2025 निर्धारित है। भरे गए फॉर्म में त्रुटि सुधार की प्रक्रिया 17 फरवरी से 21 फरवरी तक किया जा सकता है। तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि पृथक से दी जायेगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रवेश हेतु संबंधित विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला/लाफा पाली/पोड़ी उपरोड़ा, प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर में संपर्क कर निर्धारित समय अवधि में नि:शुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए करें सख्त कार्यवाही :डीएम

## नशीली वस्तुएं बेचने वालों को किया जाएं चिन्हित-एसपी

**कोरबा ।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और ड्रग तस्करी की रोकथाम के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। नारकोटिक्स को-आर्डिनेशन की बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने जिले में मादक पदार्थों की उपलब्धता, बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में तंबाकू, सिगरेट सहित अन्य सामग्री किसी भी स्थिति में न बेची जाएं और अवैध शराब, गांजा आदि वस्तुओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए राजस्व, पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी आपस में समन्वय कर संयुक्त कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री अजीत कुमार वसंत ने नारकोटिक्स को-आर्डिनेशन की बैठक में में निर्देश दिए कि सभी मेडिकल दुकानों में एक माह के भीतर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। कलेक्टर श्री वसंत ने निर्देशित किया कि डॉक्टर के बिना प्रिस्क्रिप्शन के नींद की दवाएं बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि किसी दुकान में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त होती पाई गई, तो उसका गुमास्ता लाइसेंस निरस्त कर नियमानुसार दुकान को सील कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस



संबंध में सख्त कार्रवाई करें, दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करें, जुर्माना लगाएं और आवश्यकतानुसार पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खाद्य एवं औषधि विभाग, नगर निगम, पुलिस, समाज कल्याण, शिक्षा, आदिवासी विकास, स्वास्थ्य और आबकारी विभाग मिलकर समन्वित अभियान चलाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागों के द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए की जा रही कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट प्रतिमाह कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करें। ग्रामों में गठित भारत माता वाहिनी समितियों को सक्रिय किया जाए और उनके सहयोग से अवैध शराब के निर्माण पर रोक लगाई जाए। आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया कि अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार छापामार कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, जिले में शैक्षिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में मादक और तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लागू करने के निर्देश दिए गए। आदतन नशेड़ी सरकारी वाहन चालकों की पहचान कर,उन पर कार्यवाही की जाए।औद्योगिक नगर होने के कारण कोरबा में अवैध मादक पदार्थों और नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त पर सतत निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में नगर निगम कमिश्नर श्री आशुतोष पांडेय, सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार, सीएमएचओ डॉ एस एन केशरी, सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार थाना प्रभारी, सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बच्चों की बढ़ाई जाएगी प्रतिरोधक क्षमता

**कोरबा।** कोरबा में लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, पतंजलि चिकित्सालय एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम में नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय महानदी कांपलेक्स निहारिका रोड कोरबा में दिनांक 11 फरवरी 2025 मंगलवार को अति शुभ भौम पुष्य नक्षत्र में स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जाएगा। कार्यक्रम में जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को बच्चों की आयु अनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय में विस्तार से जानकारी देने के साथ उनके लिए उपयोगी योग प्राणायाम का भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# निर्विरोध सरपंच बनने पर ग्रामीणों ने किया अभिनंदन

**कोरबा।** जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत देवलापाठ में भाजपा बरपाली मंडल अध्यक्ष नरेंद्र बिंझवार निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुए हैं। उनकी इस जीत को गांववासियों की एकता और आपसी सहमति का परिणाम माना जा रहा है। सरपंच पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन गांव के वरिष्ठजनों और प्रमुखों की समझाइश और परामर्श के बाद दूसरे प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया। इस तरह, नरेंद्र बिंझवार निर्विरोध ग्राम पंचायत के सरपंच चुने गए। नरेंद्र बिंझवार भाजपा बरपाली मंडल के अध्यक्ष होने के साथ-साथ क्षेत्र में एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वे ग्राम विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनकी निर्विरोध जीत से गांववासियों के बीच



एकता और भाजपा के प्रति विश्वास का संदेश भी गया है। ग्राम पंचायत देवलापाठ के लोगों ने इस फैसले का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि नरेंद्र बिंझवार के नेतृत्व में गांव का चहुंमुखी

### स्टेट टूनातमेंट में मिलेगा मौका

**कोरबा।** इसी अंतिम सप्ताह में छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के बैनर तले रायपुर में एक स्टेट टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। नाम से स्पष्ट है कि खेलो इंडिया अस्मिता स्कीम के तहत होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओं अथवा महिला खिलाड़ियों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन पर फोकस है। आयु सीमा की बात करें तो स्पर्धा में अंडर- 17 व अंडर-19 एवं महिला वर्ग के बैडमिंटन प्लेयर हिस्सा ले सकेंगी। उम्दा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी पुरस्कृत होंगी, जो उनके खाते में स्थानांतरित की जाएगी। गौर करने वाली बात यह है कि अगर खिलाड़ी की उम्र 18 वर्ष से कम है।

# आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने ली सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक

**कोरबा ।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम क्षेत्र में स्थित समस्त सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों से कहा है कि चूंकि जल्द ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का आगाज होने जा रहा है, अत: वे स्वच्छ सर्वेक्षण की चेकलिस्ट के अनुसार समस्त आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप देना सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि आंतरिक निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को तत्काल दूर करें, व्यवस्थाओं को अपग्रेड करें व निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप अपशिष्ट का प्रबंधन हों, एन.जी.टी. की गाईड लाईन के अनुसार व्यवस्थाएं बनाई जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आज स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के मद्देनजर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में समस्त प्रतिष्ठानों यथा एन.टी.पी.सी., एस.ई.सी.एल., सी.एस.ई.बी. व बालको प्रबंधन के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली, उन्होने प्रतिष्ठानों से कहा कि आप बल्क वेस्ट जनरेटर हैं तथा निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप साफ-सफाई कार्य एवं अपशिष्ट का समुचित प्रबंधन आपकी महती जिम्मेदारी है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में कोरबा को सम्मानजनक रैंकिंग मिले तथा हमारा कोरबा स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश व देश में अपनी विशिष्ट पहचान कायम करें, इसके लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होने प्रतिष्ठानों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की साफ-सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करें, डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य को पूर्ण रूप से प्रभावी बनाएं, एस.एल.आर.एम. सेंटरों की व्यवस्थाओं को तत्काल सुधारें एवं निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सेंटरों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं, यह देखें कि क्षेत्र में एक भी जी.व्ही.पी. प्वाइंट न रहे, यदि कहीं जी.व्ही.पी. प्वांइट हैं तो उसे समाप्त करते हुए उक्त स्थल का सौंदर्यीकरण करें ताकि वह स्थान कचरा डम्प स्थल न बनें। बैठक के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की विभिन्न तैयारियों व आवश्यक गतिविधियों के क्रियान्वयन से जुड़े कार्यो की चेकलिस्ट की जानकारी उपस्थित अधिकारियों को दी।

**अपनी कालोनियों को दें स्वच्छ वातावरण**

आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रतिष्ठानों से कहा कि प्राय: शिकायतें मिलती हैं कि आवासीय कालोनियों में साफ-सफाई का अभाव रहता है, नियमित सफाई कार्य नहीं होते, इससे कालोनियों का वातावरण दूषित होता है, चूंकि इन कालोनियों में प्रतिष्ठान के कर्मचारी ही निवास करते हैं, अत: आप अपने कर्मचारियों को स्वच्छ वातावरण दें, वहाँ की नियमित साफ-सफाई हों, कचरे का तुरंत उठाव परिवहन व उसका उचित प्रबंधन हों, यह भी प्रतिष्ठान का नैतिक दायित्व बनता है। आंतरिक निरीक्षण में मिली कमियों को तत्काल दूर करें - आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रतिष्ठानों से कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों के आधिपत्य क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण, एस.एल.आर.एम.सेंटर की व्यवस्थाओं, शौचालयों की स्वच्छता आदि के साथ-साथ साफ-सफाई से जुड़ी अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं व गतिविधियों का आंतरिक निरीक्षण कराया गया है, जिनमें अनेकों कमियाँ पाई गई है, अत: इन सभी कमियों को तत्काल दूर कराएं।

**शत प्रतिशत घरों से हो, अपशिष्ट संग्रहण**

आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रतिष्ठानों से कहा कि डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाते हुए शत प्रतिशत घरों से अपशिष्ट संग्रहण किया जाए यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं तथा कचरे के स्त्रोत पृथकीकरण पर विशेष फोकस करें, अपशिष्ट संग्रहण के दौरान गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक संग्रहित किया जाए, इस हेतु अपने स्वच्छता अमले को विशेष निर्देश दें, साथ ही डोमेस्टिक व सेनेटरी अपशिष्ट के लिए भी स्वच्छता रिक्शे में पृथक-पृथक व्यवस्था हों एवं इस अपशिष्ट को भी पृथक-पृथक संग्रहित किया जाए, यह भी सुनिश्तिच कराएं।

**जन जागरूकता गतिविधियाँ संचालित हों**

आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रतिष्ठानों से कहा कि स्वच्छता व साफ-सफाई के प्रति लोग जागरूक हों, इस हेतु अपने आधिपत्य क्षेत्रों में जनजागरूकता से संबंधित गतिविधियाँ संचालित कराएं, दीवाल लेखन, बैनर पोस्टर व अन्य विभिन्न माध्यमों से स्वच्छता का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का कार्य करें, लोगों से आग्रह करें कि वे सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थल पर कचरा न डालें, सूखा व गीला कचरा पृथक-पृथक डस्टबिन में संग्रहित कर रखें तथा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण के दौरान कचरे को सफाई रिक्शें में ही दें।

**3-आर. पर प्रभावी रूप से कार्य करें**

आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रतिष्ठानों से कहा कि 3-आर पर कार्य करते हुए कचरे के रि-ड्यूज, रि-यूज, रि-साईकल पर प्रभावी रूप से कार्य करें, कबाड से जुगाड़ एवं कबाड से मॉडल निर्माण व सौंदर्यीकरण जैसे नवाचारों पर कार्य करते हुए अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी रूप दें। उन्हेने कहा कि एस.एल.आर.एम.सेंटरों में गीले कचरे से खाद बनाएं तथा सूखे व पुन: उपयोग लायक कचरे का विक्रय व उसका समुचित प्रबंधन हो, यह भी सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता ए.के.शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, एन.टी.पी.सी. के वरिष्ठ प्रबंधक सूरज सिंह, मोनार्क भट्ट, एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा के जनरल मेनेजर भानू सिंह, मेनेजर पी.के.सिंह, सी.एस.ई.बी. की कार्यपालन अभियंता मंजू चौहान, भूपेन्द्र कुमार, डी.के.वर्मा, निगम के कार्यपालन अभियंता सुरेश बरूवा, प्रकाश चन्द्रा, अखिलेश शुक्ला, विनोद शांडिल्य, एन.के.नाथ, भूषण उरांव, तपन तिवारी, राकेश मसीह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सचिन्द्र थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव सहित प्रतिष्ठानों व निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## चंद्रवंशी बनें एनटीपीसी इंटक के अध्यक्ष

कोरबा। एनटीपीसी राष्ट्रीय ताप विद्युत कर्मचारी संघ के त्रिवार्षिक चुनाव एवं पंजीयन कार्यक्रम में एनटीपीसी इंटक के एडिशनल सेंट्रल लीडर केपी चंद्रवंशी ने यूनियन का भरोसा और अपनी लोकप्रियता बरकरार रखते हुए कोरबा एनटीपीसी इंटक के अध्यक्ष पद पर सुशोभित हुए हैं। श्रमिक हित में सदैव समर्पित रहे सक्रिय लीडर नरेंद्र कुमार तिवारी को यूनियन से महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। श्री चंद्रवंशी और श्री तिवारी के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने से संघ के साथियों में हर्ष की लहर है। अध्यक्ष एव महामंत्री के बाद संघ के उपाध्यक्ष के रुप में युगल किशोर भोंसले, मेला राम, मदन गोपाल, हेमंत कुमार, राम लाल पटेल को जिम्मेदारी प्रदान की गई है। संघ के उपमहासचिव का दायित्व जेपी पांडे, श्रीमती अर्चना सिंह व एमके वर्मा को सौंपा गया है। इसी तरह कोषाध्यक्ष का दायितव आरके देवांगन के कंधों पर रहेगा। संगठन सचिव का दायित्व तांत्रिक प्रसाद राठौर, कार्यालय प्रभारी एवं सचिव का दायित्व सीवी गजभिए को सौंपा गया है।

# बालको में यूनियन कार्यालय के पास हो रहा अतिक्रमण

**कोरबा।** शहर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र बालको नगर में श्रमिक संगठन अल्युमिनियम कामगार संघ के कार्यालय से जुड़े कार्यकर्ताओं ने अवैध अतिक्रमण और धमकी भरे व्यवहार की शिकायत जिला प्रशासन से की है। संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधीश को एक आवेदन सौंपकर तत्काल कानूनी कार्रवाई, दोषियों पर कठोर दंडात्मक कदम उठाने और कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है।

श्रमिक संगठन के अनुसार, आदर्श बाल मंदिर स्कूल के पास स्थित मकान क्रमांक 201/6, जिसे एकता पीठ के नाम से भी जाना जाता है, वर्षों से यूनियन कार्यालय के रूप में संचालित हो रहा है। इसी कार्यालय के सामने का खुला स्थान संगठन के कार्यकर्ता वाहनों की पार्किंग के लिए उपयोग करते हैं।

आरोप है कि 6 फरवरी 2025 की रात लगभग प्रात: 3 से 4 बजे के बीच कुछ अज्ञात लोगों ने बाँस-बल्ली, लकड़ी और तिरपाल लगाकर इस पार्किंग स्थल पर अवैध कब्ज़ा जमाने की कोशिश की। जब यूनियन सदस्यों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, तो वे लोग यूनियन कार्यालय में घुस आए, अभद्र भाषा का प्रयोग किया और गाली-गलौज करने लगे। इतना ही नहीं, आरोपियों ने कार्यालय में तोड़फोड़ करने और सबकुछ उखाड़ फेंकने की धमकी भी दी। राजनीतिक दबाव और मानसिक प्रताड़ना यूनियन कार्यकर्ताओं ने बताया कि ये कथित अज्ञात तत्व अपने राजनीतिक संपर्क और नगर के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों का हवाला देकर दबाव बनाने की कोशिश करते रहे। उनका मकसद था कि यूनियन के सदस्य पार्किंग स्थल पर अवैध कब्जा करने की अनुमति दे दें। आरोपियों ने न सिर्फ यूनियन कार्यालय बल्कि कार्यकर्ताओं के निजी आवासों तक पहुंचकर भी दुर्व्यवहार किया। इन धमकियों और दबावों के चलते संगठन के सदस्य और उनके परिवारजन भयभीत और मानसिक रूप से परेशान हैं।

संगठन का कहना है कि इस तरह की घटनाएँ पहले भी हो चुकी हैं, जिनकी शिकायत मौखिक एवं लिखित रूप से नगर प्रशासन और बालको प्रबंधन से की गई थी। बावजूद इसके, अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। कार्यकर्ताओं को आशंका है कि इस तरह के अवैध अतिक्रमण और धमकी भरी गतिविधियों से इलाके की कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है।

# शहर के साथ ग्राम पंचायतों में भी तेज हुई चुनावी सरगर्मी




**जांजगीर।** नगरीय निकाय चुनाव के साथ ही साथ अब पंचायतों में भी चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनावी वादों की झड़ी लगने के बाद अब प्रत्याशी प्रचार में और भी ज्यादा जोर देने लगे हैं। जिला पंचायत चुनाव में इस बार निर्दलीय और बागी कांग्रेस और भाजपा के लिए मुसीबत बन सकते हैं। भाजपा और कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से नाराज कई नेता बतौर निर्दलीय मैदान में उतर गए हैं। बागियों के नामांकन के साथ चुनाव जंग और रोचक हो गई। कई नेता खुद मैदान में है तो कई ने पत्नियों के के पर्चे जमा कराए है। जांजगीर-चाम्पा जिला पंचायत 17 क्षेत्रों 97 उम्मीदवार मैदान हैं, इनके बीच कड़ा मुकाबला होगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरणों में होगी। नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 6 फरवरी को प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न का आबंटन भी कर दिया गया है। क्षेत्र क्रमांक 1 के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किया था, मगर इनमें से केवल 4 उम्मीदवार खगेंद्र साहू, आशुतोष कुमार साहू, बिंदा देवी दिनकर, पंचराम बरेठ ने नामांकन वापस लिया है, अब यहां 11 उम्मीदवार मैदान में है। इसी तरह क्षेत्र क्रमांक 2 के लिए 7 में से 2 उम्मीदवार उमाबाई कश्यप, कुसुम साव, क्षेत्र क्रमांक 6 के लिए 7 में से 1 उम्मीदवार पूजा भारद्वाज, क्षेत्र 7 के लिए 6 में से 1 उम्मीदवार पुष्पादेवी प्रधान, क्षेत्र क्रमांक 8 के लिए 6 में से 1 गायत्री लहरे, क्षेत्र क्रमांक 9 के लिए 5 में से 1 उम्मीदवार बुधवार सिंह सिदार, क्षेत्र 10 के लिए 5 में से 1 जानकीदेवी बंजारे, क्षेत्र 16 के लिए 7 में से 1 उम्मीदवार यशोधरा देवी कर्ष और क्षेत्र क्रमांक 17 के लिए 8 में से 1 सुनंद्रा चंद्रा ने नामांकन वापस लिया है।

त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर भीतरघात के भी मिल रहे संकेत त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस में दावेदारों की लंबी लिस्ट थी। भाजपा में कुछ पुराने नेता नए प्रत्याशियों को लेकर असंतुष्ट बताए जा रहे हैं, जबकि कांग्रेस में भी कुछ नेताओं के बीच खींचतान की खबरें सामने आ रही हैं। इन चुनावों के बीच भीतरघात की आशंका भी जताई जा रही है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों में कुछ ऐसे नेता हैं जो पार्टी के अधिक प्रभावशाली नेताओं से नाराज हैं और उनके मन में भीतरघात के विचार पनप रहे हैं। इन आशंकाओं के बावजूद दोनों दलों के शीर्ष नेता पूरी कोशिश कर रहे हैं कि पार्टी में कोई विभाजन न हो और चुनावी तैयारी में कोई कमी न आए।

# केशरी व त्रिवेणी फार्मेसी कॉलेज में वार्षिकोत्सव आयोजित



**जांजगीर।** जिला - जांजगीर - चांपा के प्रमुख फार्मेसी कॉलेज केशरी व त्रिवेणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञान रोशनी एवं ज्ञान दीप कॉलेज के संचालक डॉ.अखिलेश कटकवार तथा अध्यक्ष के रूप में कमलेश यादव एवं विशिष्ट अथिति के रूप में अमरनाथ यादव उपस्थित हुए।

वार्षिकोत्सव की शुरुआत अतिथियों एवं कॉलेज के संचालक डॉ.सुरेश यादव, प्राचार्य रितेश पटेल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ।अपने स्वागतीय उद्बोधन में संस्था के संचालक डॉ.सुरेश यादव ने कहा कि क्षेत्र की शैक्षणिक आवश्यकता को ध्यान में रखकर फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की गई।आज मैं अपनी पूज्य माता जी को याद कर रहा हूं, जिन्होंने मुझे जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों को सिखाया। उन्होंने मुझे सिखाया कि कैसे जीवन में संघर्ष करना है और कैसे अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। पूज्य माता जी की स्मृति में ही त्रिवेणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी तिलई की नींव रखी गई। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में कहा जब आप अपने काम को अपना पैशन बनाते हैं, तो आप काम में आनंद लेने लगते हैं। यह आपको काम के प्रति अधिक उत्साहित और प्रेरित रखता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष कमलेश यादव ने कहा कि सेना और फार्मेसी दोनों ही क्षेत्रों में युद्ध में हमेशा तैयार रहने जैसी मानसिकता की आवश्यकता होती है। यहाँ कुछ समानताएं हैं जो दोनों क्षेत्रों में देखी जा सकती हैं।फौज को युद्ध की तैयारी करनी होती है, जबकि फार्मेसी को भी युद्ध जैसी स्थितियों में तैयार रहना होता है, जैसे कि महामारी या प्राकृतिक आपदाएं । इन समानताओं को देखते हुए, यह कहा जा सकता है कि फौज और फार्मेसी दोनों ही क्षेत्रों में युद्ध की स्थिति में तत्पर रहने की आवश्यकता होती है। विशिष्ट अथिति अमरनाथ यादव ने उद्बोधन में कहा कि- मैं आपको बताना चाहता हूं कि फार्मेसी के छात्रों के पास बहुत बड़ा अवसर है। आप लोगों की सेहत और जीवन की रक्षा करने के लिए काम कर सकते हैं। आप समाज में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काम कर सकते हैं। तत्पश्चात फॉर्मेसी कॉलेज के छात्र - छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगा - रंग प्रस्तुत किया, जिसमें छत्सीगढ़ी नृत्य मोर छत्तीसगढ़ के भूइया मा में पल्लवी कुर्रे , नेहा पटेल, राधा , नेहा कश्यप, योगेंद्र मानसर, देवेंद्र कश्यप शामिल हुए। सुवा नृत्य में दीपक पटेल , राधा , नेहा , पल्लवी , नेहा कश्यप शामिल हुई।

वार्षिकोत्सव के अवसर पर केशरी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी के प्रथम वर्ष के छात्र मिथलेश साहू को वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण - पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। त्रिवेणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी से शशि श्रीवास वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान पर रही उन्हें भी प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र - छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार के रूप में 2500 रूपये की राशि से फार्मेसी कॉलेज के संचालक द्वारा सम्मानित करने की घोषणा की गई।

वार्षिकोत्सव के समापन अवसर पर आभार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज के प्राचार्य रितेश पटेल ने कहा कि वार्षिक उत्सव हमारे कॉलेज की एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, जो हमारे छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने साथियों के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू लाल यादव ,जितेंद्र कटकवार, विकास पाण्डेय, राकेश , विजय , लीबेद, नेहा महिपाल, किरण महंत , मोहित चौरसिया सभी ने अहम भूमिका निभाई।कार्यक्रम में मंच संचालन कर मूलचंद साव ने खूब वाह वाही बटोरी।

## नंदकुमार यूनिवर्सिटी ने 2 दिन की परीक्षा की तिथि बढ़ाई

**जांजगीर।** नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत का चुनाव का असर स्कूल और कॉलेज की परीक्षाओं पर भी पड़ रहा है। इन दिनों शहर की गली और मोहल्ले में प्रत्याशियों का प्रचार जारी है। इसमें जमकर वे लाउड स्पीकर का इस्तेमाल कर रहे हैं। वार्ड की एक ही गली में पांच से दस बार लाउड स्पीकर घुमाए जा रहे हैं। इससे सीबीएसई बोर्ड और छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों की पढ़ाई पर इसका असर पड़ रहा है। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी को शुरू होंगी और पहला पेपर फिजिकल एजुकेशन का होगा। इसके अलावा 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी को इंग्लिश के पेपर के साथ शुरू होंगी। जिले में 30 से ज्यादा सीबीएसई स्कूल संचालित है। इसमें 10 और 12 वीं के हजार से ज्यादा विद्यार्थी इस बार बोर्ड की परीक्षा दिलाएंगे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा एक मार्च से शुरू होकर 28 मार्च तक चलेंगी। वहीं 10वीं की परीक्षा 3 से 24 मार्च तक होगी। ऐसे में चुनावी शोर गुल का असर इन विद्यार्थियों की तैयारियों पर पड़ सकता है।

## ग्राम पंचायत परसदा में सरपंच सहित सभी पंच प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

**बलौदा।** जनपद पंचायत बलौदा में ग्राम पंचायत परसदा में सरपंच सहित सारे पंच निर्विरोध निर्वाचित हो गए तो ग्राम पंचायत करमा में सरपंच को छोड़ सभी पंच प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिए गए।
जनपद सदस्य के 23 पद में से 2 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। जनपद पंचायत बलौदा में 65 ग्राम पंचायतों के 989 पंच पदों में से 406 पंच प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। सरपंच के 65 पद के लिए 288, जनपद सदस्य के लिए 21 पद के लिए 91 अभ्यर्थी और पंच के 583 पदों के लिए 1375प्रत्याशी चुनावी मैदान में बचे हैं। जिनका भाग्य मतदाता तय करेंगे।त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नामांकन वापसी के बाद और छाप मिलने के बाद गांवों में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। अभ्यर्थी अब चुनाव चिह्न मिलने के बाद गांव में जनसंपर्क शुरू कर दिए हैं।
निर्विरोध निर्वाचित दोनों बीडीसी को दिया प्रमाण पत्र जनपद क्षेत्र क्र. 14 पंतोरा से निर्विरोध निर्वाचित शारदा सनत देवांगन, क्षेत्र क्र. 10 नवागांव से निर्विरोध निर्वाचित उर्मिला बिंझवार को शुक्रवार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी बी कश्यप और रोहित नायक ने प्रमाण पत्र जारी प्रदान किया। शारदा सनत पूर्व संसदीय सचिव छतराम देवांगन की बहू हैं। प्रमाण पत्र लेने छत राम देवांगन अपनी पत्नी और परिवार के साथ पहुंचे थे।

# खाना बनाने में डभरा की महिलाओं का दबदबा



**सक्ती।** प्रधानमंत्री पोषण सक्ती निर्माण योजना (मध्यान्ह भोजन योजना) के अंतर्गत जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सक्ती के परिसर में हुआ। प्रतियोगिता में डभरा, मालखरौदा, सक्ती और जैजैपुर विकासखंड से चयनित आठ महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने हिस्सा लिया। स्व-सहायता समूह के महिला सदस्यों ने अपने पाक कला का प्रदर्शन करते हुए स्वादिष्ट भोजन पकाया।
जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना संचालित है। इस दौरान डीईओ एनके चंद्रा ने समूह की महिलाओं से कहा कि विद्यालयों में बच्चों को प्रतिदिन साफ सुथरा और गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन परोसा जाए। मौसम के अनुरुप हरी शाक सब्जियों का अधिक से अधिक समावेश किया जाए और शासन द्वारा निर्धारित भोजन मेनू का पालन किया जाए।
प्रतियोगिता में प्रगति महिला स्व-सहायता समूह चुरतेला विकासखंड डभरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गृह लक्ष्मी स्व-सहायता समूह पेंडरुवा विकासखंड डभरा ने द्वितीय स्थान तथा रोशनी स्व सहायता समूह विकासखंड मालखरौदा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागी स्व सहायता समूह को डीईओ श्री चंद्रा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कन्या स्कूल सक्ती की प्राचार्य सरोजनी लकड़ा, प्राचार्य विमलेश चंद्रा, सुरेश कुमार जायसवाल, यू आर पटेल और श्रीमती कलेश्वरी साहू ने निभाई। प्रतियोगिता का सफल क्रियान्वयन रोशन पटेल एवं अनीता अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पूनम टंडन राजेश्वरी प्रधान, उर्मिला कर्ष, शिवेष राठौर और संबंधित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## 44 कर्मियों ने दिया डाक मतपत्र से वोट



**जांजगीर-चाम्पा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में नगरीय निकाय निर्वाचन के चुनाव पर पर तैनात सभी कर्मचारियों, अधिकारियों डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए नवीन ऑडिटोरियम भवन जांजगीर में सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। शुक्रवार को सुविधा केन्द्र में नगरीय निकाय निर्वाचन में तैनात 44 अधिकारी-कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया।

## किशोरी का शारीरिक शोषण, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**जांजगीर।** किशोरी को भागकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार एक किशोरी अपने परिजनों के साथ थाना पहुंची और उसने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम पेंड्री का रहने वाला युवक गौतम कश्यप ने उसे शादी का झांसा दिया और अपने साथ बाइक पर बैठाकर भगाकर ले गया। इस दौरान उसने उसका दैहिक शोषण किया। साथ ही शादी करने की बात कहने वह टालमटोल करने लगा। इधर पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में आरोपी युवक गौतम कश्यप के खिलाफ को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अपराध कायम किया और उसे जेल भेज दिया।

## ज्ञान शारदा हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित शतरंज में शिवम बने विजेता



**बाराद्वार।** स्थानीय ज्ञान शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल में शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें शिवम नृसिंह विजेता रहे और उदय काठले उपविजेता। दो दिनों तक चली स्पर्धा में शतरंज के 7 राउंड खेले गए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी अनिल मौर्य उपस्थित थे।
प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद अनिल मौर्य ने स्कूल में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि शतरंज खेल से एकाग्रता और कल्पना शक्ति बहुत बढ़ती है। अनिल मौर्य ने इसको साबित करने के लए स्कूल के ही खिलाड़ी विकास कुमार के साथ ब्लाईन्ड फोल्ड शतरंज खेल कर दिखाया। अनिल मौर्य ने अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर 37 चालों तक लम्बा शतरंज खेल खेलकर स्कूल के बच्चे को दिखाया और उन्हें मोटीवेट किया। इस मौके पर स्कूल के संचालक लीलाधर साहू, प्राचार्य एसएल कर्ष, गजाधर साहू, युगल किशोर, मिसाल मेश्राम सहित ज्ञान शारदा हायर सेकेण्डरी स्कूल के सभी शिक्षक व छात्र बडी संख्या में उपस्थित थे।

## बिलासपुर में बगैर अनुमति काटे 143 पेड़

**बिलासपुर।** बिलासपुर में पर्यावरण संरक्षण के लिए 20 साल पहले लगाए गए हरे-भरे 143 पेड़ों को डेवलपमेंट और निर्माण कार्य के बहाने काट दिया गया। इसके लिए वन विभाग से अनुमति भी नहीं ली गई। मामला सामने आने पर जांच के बाद स्ढ्ढरूने स्श्वष्टरुके सीएमडी को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। जवाब नहीं देने पर एक पक्षीय कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है।
दरअसल, साउथ ईस्ट कोल फील्ड लिमिटेड कंपनी ने जब सरकंडा के चांटीडीह स्थित जमीन में मुख्यालय का निर्माण कराया, तब यहां पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ी संख्या में पेड़ लगाए थे। यहां मुख्यालय परिसर में नेहरू शताब्दी नगर में बड़ी संख्या में गुलमोहर के पेड़ हैं, जिससे हरियाली छाई रहती है।

# 26 को महाशिवरात्रि तो 14 मार्च को होली मनेगी



**जांजगीर।** सनातन या हिंदू धर्म में साल के 12 महीने पर्व त्योहार रहते हैं। इसकी शुरुआत जनवरी में मकर संक्राति से होती है और अंत विवाह पंचमी से। लेकिन इस साल 2025 में सारे पर्व और त्योहार जल्द आ रहे हैं। सरस्वती पूजा पिछले वर्ष 14 फरवरी को मनाई जाएगी, मगर इस साल 3 फरवरी को मनाई गई। इसी तरह होली 12 दिन पहले 14 मार्च को मनाई जाएगी। रामनवमी, रथयात्रा, दुर्गापूजा, धनतेरस, दीपावली व छठ पूजा भी पिछले साल की तुलना में पहले पड़ेगा। इस साल अक्टूबर में ही दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ महापर्व संपन्न हो जाएगा। शारदीय नवरात्र की शुरूआत 22 सितम्बर को होगी।
2 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ दुर्गापूजा का समापन होगा। 5 नवम्बर को देव दीपावली मनाई जाएगी। इस बार सारे पर्व 11 से 12 दिन पहले मनाए जाएंगे। वर्ष 2024 में 9 फरवरी को मौनी अमावस्या, 14 को बसंत पंचमी, 8 मार्च को महाशिवरात्रि, 25 मार्च को होली, 9 अप्रैल को चैत नवरात्रि, 17 अप्रैल को रामनवमीं, 7 जुलाई को रथयात्रा, 19 अगस्त को रक्षाबंधन, 26 अगस्त को जन्माष्टमी, 11 अक्टूबर को महाष्टमी, 12 अक्टूबर को दशहरा, 29 अक्टूबर को धनतेरस और 1 को दीपावली मनाई गई थी। सूर्य और चंद्र वर्ष में लगभग 11 दिनों का अंतर पं. कृष्णकांत मिश्रा ने बताया कि हिंदू पंचांग सौर मास और चंद्र मास की गणना के अनुसार चलता है।
अधिमास चंद्र वर्ष का एक अतिरिक्त भाग है, जो हर 32 माह, 16 दिन और 8 घंटे के अंतर से आता है। इसका प्राकट्य सूर्य वर्ष और चंद्र वर्ष के बीच अंतर का संतुलन बनाने के लिए होता है। भारतीय गणना पद्धति के अनुसार, सूर्य वर्ष 365 दिन और करीब 6 घंटे का होता है। वहीं चंद्र वर्ष 354 दिनों का माना जाता है। दोनों वर्षों के बीच लगभग 11 दिनों का अंतर होता है, जो हर तीन वर्ष में लगभग एक मास के बराबर हो जाता है। इसी अंतर को पाटने के लिए हर तीन साल एक चंद्र मास अस्तित्व में आता है, जिसे अतिरिक्त होने के कारण अधिकमास या मलमास का नाम दिया गया है। पिछले वर्ष मलमास के कारण सारे त्योहार अंग्रेजी डेट के अनुसार देर से आए थे।

# भाजपा पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

**बिलासपुर।** कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक ने भाजपा प्रत्याशी एल पद्मजा उर्फ पूजा विधानी पर आचार संहिता के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी और ऑब्जर्वर विनीत नंदनवार से शिकायत भी की है।

उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार ने चुनाव आयोग के निर्देश के बाद भी शहर के बिजली के खंभों के साथ ही सरकारी भवनों में बैनर-पोस्टर लगाए हैं। संपत्ति विरूपण अधि?नियम के तहत ऐसा नहीं किया जा सकता। मेयर प्रत्याशी नायक ने अपनी शिकायत के साथ वीडियो और फोटो भी सौंपा है। इसके साथ ही उन्होंने कोनी स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी की है।



नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी और पार्टी के नेता जिला प्रशासन के अफसरों पर भाजपा के दबाव में काम करने का लगातार आरोप लगा रहे हैं। नायक ने अपनी शिकायत में बताया है कि पूरे शहर के बिजली के पोल और सरकारी भवनों में भाजपा की महापौर प्रत्याशी के साथ ही पार्षद प्रत्याशियों की फोटो वाले बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं।

**निगम प्रशासन पर एक पक्षीय कार्रवाई करने का आरोप**

सरकारी संपत्ति में भाजपा के झंडे नजर आ रहे हैं। इन्हें तत्काल हटाया जाए। नायक ने कहा कि किसी भी पार्टी या निर्दलीय प्रत्याशी द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने की जिम्मेदारी जिला निर्वाचन अधिकारी और ऑब्जर्वर की होती है।

लेकिन, शहर में केवल भाजपा प्रत्याशियों के ही बैनर-पोस्टर सरकारी भवनों और बिजली पोल पर लगा है। जिस पर निगम प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी नायक ने कहा कि तत्काल बैनर -पोस्टर बिजली के पोल और सरकारी भवनों से नहीं हटाया जाता है, तो राज्य निर्वाचन आयोग से इसकी शिकायत की जाएगी।

कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक के निर्वाचन अभिकर्ता मनीष श्रीवास्तव ने जिला निर्वाचन अधिकारी से इंजीनियरिंग कॉलेज कोनी के स्ट्रॉन्ग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखे गए पत्र में श्रीवास्तव ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव के लिए कोनी इंजीनियरिंग कालेज में स्ट्रॉन्ग रूम बनाया गया है। वहां पर ईवीएम मशीन रखी गई।चुनाव पूरे होने के बाद भी मशीनों को स्ट्रॉन्ग रूम में ही रखा जाएगा। मशीनों की निगरानी और सुरक्षा के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में सीसी टीवी कैमरा लगाया जाए। ताकि उस परिसर आने-जाने वालों की पूरी जानकारी रिकॉर्ड में रहे। साथ ही मशीनों की निगरानी सही ढंग से हो सके। कोई भी बाहरी व्यक्ति का आना-जाना न हो। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से भी यह जरूरी है।

## विद्या की प्रथम सीढ़ीः 51 नौनिहालों का भव्य विद्या आरंभ संस्कार हुआ

**जांजगीर।** सरस्वती शिशु मंदिर, नैला में विद्या आरंभ संस्कार का भव्य आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें 51 नन्हे बालकों ने शिक्षा की ओर पहला कदम बढ़ाया। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ हुए इस संस्कार में सरस्वती माता का पूजन एवं मिष्ठान वितरण किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक व सचिव मन्मथ नाथ शर्मा ने परंपरा अनुसार अनार की डंडी पर शहद लगाकर बच्चों की जीभ पर ? लिखकर विद्या आरंभ कराया। साथ ही, विद्यार्थियों को स्लेट और बत्ती दान कर शिक्षा की महत्वपूर्ण यात्रा के लिए प्रेरित किया।



## अखंड नवधा रामायण सुनने ग्राम धनेली पहुंच रहे श्रीराम के भक्त

**जांजगीर।** नव दुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान में अखंड नवधा रामायण का आयोजन ग्राम धनेली मेंं किया जा रहा है। इसमें आसपास गांव मुनुंद, भड़ेसर, महंत, दर्री, धराशिव, खोखरा, जगमहंत, मरकडीह, धुरकोट, कनई, नवागढ़, कोसमंदा से रामायण मंडली बड़ी संख्या में पहुंचकर रामायण गान में हिस्सा ले रही है। इस मौके पर रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।8 फरवरी को चयनित रामायण मंडली को दुर्गा सेवा समिति धनेली ने आमंत्रित कया हे। रामायण गायन में गांव के शिव गोपाल श्रीवास मोतीलाल राठौर, सियाराम श्रीवास, मोतीलाल राठौर, रामलाल धीवर, तबला वादक सूरज धीवर, तबला द्वारा गायन किया जा रहा है। रामायण में भाटापारा के मोटे राठौर, छोटलाल राठौर, कोटवार दिलीप भुजबल यादव पूरे टीम के साथ आरती के समय उपस्थित हो रहे हैं।

## अनमोल वचन......

मोन में इतनी शक्ति है की आपको कही ख़तरनाक परिस्थिति से बाहर निकाल सकती है ।

# लोकतांत्रिक बर्ताव नहीं

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर करारे कटाक्ष किए। कहा कि हम तीसरी बार सत्ता में हैं, हम अनेक बार सत्ता में आएंगे। उन्होंने पिछले दस सालों का लेखा-जोखा और 2047 तक की कार्य-योजना प्रस्तुत की। कहा कि पिछली सरकारों ने तुष्टिकरण का रास्ता चुना, लेकिन हमने संतुष्टिकरण का रास्ता चुना। राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताने वाले लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी उन्होंने तंज किया। पच्चीस करोड़ लोगों के गरीबी से ऊपर उठने और गरीबों को चार करोड़ पक्के घर देने की बात भी की।

कुछ देशों के बीस सालों में विकसित बनने की तारीफ करते हुए मोदी ने सवाल किया कि हम क्यों नहीं बन सकते। तार्किक तौर पर देखा जाए तो मोदी का यह जवाब चुनावी भाषण ज्यादा प्रतीत हुआ। बेशक, सरकार की उपलब्धियों का गुणगान करना उनका दायित्व है मगर जब बात सदन में हो तो प्रधानमंत्री को देश की नुमाइंदगी करनी होती है। बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई तथा अन्य सामायिक मसलों से ध्यान हटाने की कोशिशों को उन्होंने हमेशा की तरह दर-किनार ही रखा। राहुल गांधी ने जवाब में संविधान की किताब दिखाते हुए याद दिलाया कि 2024 में भाजपा का चार सौ से ज्यादा सीटों पर आने का दावा धरा रह गया। भाषण के दौरान लगातार शोरशराबा होता रहा जो लोकतांत्रिक बर्ताव नहीं है। सदन की गरिमा और संवैधानिक नियमों का सबको पालन करना सीखना होगा। मोदी का राष्ट्रपति पर की गई टिप्पणी का जिक्र किया जाना भी उचित माना जाना चाहिए। मगर वे जिस तुष्टिकरण को लेकर विपक्ष को घेर रहे हैं, उससे उनकी सरकार भी मुक्त नहीं है। बात राशन बांटने की हो, मकान बना कर देने या सीधा बैंक खातों में धन राशि देने की, और मुफ्त की रेवडियां बांटने में भी मोदी सरकार पीछे नहीं है। जनता या कार्यबल के सार्थक सदुपयोग की बजाय देशवासियों में अकर्मण्यता का भाव भरना मुल्क की तरक्की में बाधक बन सकता है।

चीन की कथित घुसपैठ को लेकर भी इस सरकार का रवैया स्पष्ट नहीं है। विपक्ष द्वारा यह मुद्दा उठाने पर वे हमेशा बगलें झांकते हैं। यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मसला है। इस पर सरकार को कड़ा रुख इख्तियार करना ही होगा। केवल छींटा-कशी के लिए ही इस गंभीर मसले का प्रयोग तत्काल बंद होना जरूरी है।

# राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है।आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है । दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जायेंगे..जहाँ बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा।

वृष राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जायेंगे। टूर-एंड-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है। आज अपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। आप आर्थिक मामलों में किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे, जो आपके लिए मददगार साबित होगी।

मिथुन राशिः आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं । उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे । आज का दिन महिलाओं के लिए बहुत ही अनुकूल है। पारिवारिक और व्यक्तिगत गतिविधियों में उचित सामंजस बनाकर रखने में कामयाब होंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा । ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे । लवमेट के रिश्ते में सुधार आयेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा।आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में ख़ुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

कन्या राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। दोस्त के साथ कुछ दिनो से चल रही अनबन आज आपके पहल करने से ख़त्म होगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा।महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा।एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा।लवमेट के लिये आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं।किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए।आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है।आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं । डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है। व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

मकर राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा।

कुंभ राशिः आज का दिन शानदार रहने वाला है । आज आप अपने व्यापार को आगे बढाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज अधिकतम समय आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे।

मीन राशिः आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। लवमेट आज साथ में समय बितायेंगे। सामाजिक कामों में अपना योगदान देने से आपकी पहचान बढ़ेगी। आपकी लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा ।

# केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26: वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा

//गिरिराज सिंह//

**भारतीय परिधान और वस्त्र उद्योग लगभग 176 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2 प्रतिशत का योगदान देता है। यह विनिर्माण उत्पादन का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा है। वस्त्र उद्योग देश में रोजगार सृजन के सबसे बड़े स्त्रोतों में से एक है, यह प्रत्यक्ष रूप से 45 मिलियन से अधिक वस्त्र श्रमिकों को रोजगार देता है। भारत वस्त्र और परिधानों का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में इसकी हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है। देश के कुल व्यापारिक निर्यात में हस्तशिल्प सहित वस्त्र और परिधान (टी एंड ए) की हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 8 प्रतिशत है। यह क्षेत्र मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण युवा रोजगार जैसी सरकार की प्रमुख पहलों के साथ पूरी तरह से संरेखित है।**

बजट में वर्ष 2025-26 के लिए वस्त्र मंत्रालय के लिए 5,272 करोड़ रुपये के परिव्यय की घोषणा की गई। यह वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों (4417.03 करोड़ रुपये) की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि थी, और हाल के वर्षों में यह सबसे अधिक है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी निवेश योजना का बजट वर्ष 2024-25 में 45 करोड़ रुपये (बीई) से बढ़ाकर इस वर्ष 1148 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना देश की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने और पांच वर्ष की अवधि में 10,683 करोड़ रुपये के स्वीकृत वित्तीय परिव्यय के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। यह मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ), एमएमएफ परिधान और तकनीकी वस्त्र क्षेत्र जैसे उभरते क्षेत्रों को कवर करता है, ताकि इन क्षेत्रों को आकार और पैमाने हासिल करने में सक्षम बनाया जा सके, ताकि वे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26 में 'कपास उत्पादकता के लिए मिशन' की घोषणा की गई है। यह 5 वर्षीय मिशन कपास की खेती की उत्पादकता और स्थिरता में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा। यह अतिरिक्त लंबे स्टेपल वाली कपास की किस्मों को बढ़ावा देगा। इस मिशन को कृषि एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा।

वस्त्र मंत्रालय का राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन अनुसंधान, नवाचार और विकास, संवर्धन और बाजार विकास शिक्षा और कौशल तथा तकनीकी वस्त्रों में निर्यात संवर्धन पर केंद्रित है। बजट में दो और प्रकार के शटल-लेस लूम को पूरी तरह से छूट प्राप्त वस्त्र मशीनरी की सूची में जोड़ा गया है। वस्त्र उद्योग में उपयोग के लिए शटल-लेस लूम रैपियर लूम (650 मीटर प्रति मिनट से कम) और शटल-लेस लूम एयर जेट लूम (1000 मीटर प्रति मिनट से कम) पर शुल्क मौजूदा 7.5 प्रतिशत से शून्य कर दिया गया है। नौ टैरिफ लाइनों के अंतर्गत आने वाले बुने हुए कपड़ों पर बुनियादी सीमा-शुल्क दर को 10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत या 115 रुपये प्रति किलोग्राम, जो भी अधिक हो करने की बजट घोषणा से बुने हुए कपड़ों के सस्ते आयात पर अंकुश लगाकर घरेलू वस्त्र उद्योग को मजबूती मिलेगी। यह उपाय घरेलू स्तर पर उत्पादित कपड़ों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा, क्षमता उपयोग को बढ़ावा देगा और स्थानीय विनिर्माण में निवेश को प्रोत्साहित करेगा।

बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी सुधार लाने के लिए एक स्रोत के रूप में पहचाना गया है। यह वस्त्र क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत की वस्त्र और परिधान उत्पादन क्षमता का अधिकांश हिस्सा एमएसएमई द्वारा किया जाता है, जो इस क्षेत्र का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। एमएसएमई के लिए वर्गीकरण मानदंडों में संशोधन जैसे प्रावधान गारंटी कवर के साथ ऋण उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ उन्हें पैमाने की उच्च दक्षता, तकनीकी उन्नयन और पूंजी तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करेंगे। संशोधित वर्गीकरण के साथ, अब अधिक इकाइयाँ एमएसएमई के अंतर्गत आएंगी।

उपरोक्त एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारतीय वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, एक मेगा इवेंट - भारत टेक्स 2025, 11 प्रमुख वस्त्र उद्योग निकायों द्वारा आयोजित किया जा रहा है और वस्त्र मंत्रालय द्वारा समर्थित है। भारत टेक्स 2025 विस्तार और लक्ष्य दोनों के लिहाज से दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन होगा, क्योंकि यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों और सहायक उपकरणों सहित पूरे वस्त्र उद्योग मूल्य श्रृंखला को एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा। अनुकूल वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं और वस्त्र स्थिरता के दोहरे विषयों के आसपास निर्मित - यह कार्यक्रम स्थिरता, नवाचार और वैश्विक सहयोग पर केंद्रित है। मुख्य कार्यक्रम 14-17 फरवरी, 2025 को भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इसमें कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक वस्त्रों की पूरी मूल्य श्रृंखला को सक्षम नीति समर्थन के साथ कवर किया जाएगा, जबकि सहायक उपकरण, परिधान मशीनरी, रंग और रसायन तथा हस्तशिल्प जैसी संबंधित प्रदर्शनियां 12 से 15 फरवरी, 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जाएंगी। संपूर्ण कच्चे माल मूल्य श्रृंखला में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, अधिक निवेश प्राप्त करने, अपने घरेलू बाजार के आकार और निर्यात को बढ़ाने और बड़े पैमाने पर आजीविका के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए अपनी क्षमता को बनाए रखने एवं बढ़ाने के प्रयासों को सक्षम नीति समर्थन के साथ और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता होगी।

# आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन टिप्पणी

//ललित गर्ग//

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिए स्वाभाविक है कि बयान विडंबनापूर्ण होने के साथ ही पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से भी ग्रस्त है।**

भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन सोनिया ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, यह अच्छा नहीं हुआ। सोनिया ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था। यह राजनीतिक अशिष्टता, अहंकार व अपरिपक्वता का द्योतक है। लगता है कि कांग्रेस के नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना की बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिन्दी, जो उनकी मातृभाषा नहीं है, में प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस उनके अपमान पर उतर आई। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब और भी ज्यादा संकल्पित एवं ऊर्जा से भरी थीं। राष्ट्रपति को विश्वास है कि इन वगरे की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्त्तव्य का अहम हिस्सा है। राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं की हिन्दी भाषा की समझ पर भी सवाल उठाए। संभवतः ये हिन्दी भाषा की लोकोक्तियों और मुहावरों से भली-भांति परिचित नहीं हैं, जिसके कारण उन्होंने राष्ट्रपति के भाषण की गलत व्याख्या की। राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को खराब और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेताओं और खुद प्रियंका गांधी ने सोनिया गांधी का बचाव किया, लेकिन यह समझा जा सके तो बेहतर होता कि उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी। ऐसे बयान ने गैरजिम्मेदाराना एवं विध्वंसात्मक इरादों को ही नहीं, छल-कपट की राजनीति को भी बेनकाब किया है। राष्ट्रपति जिस सामाजिक परिवेश और पृष्ठभूमि से आती हैं, उसे देखते हुए तो और भी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। समस्या यह है कि सोनिया हों या राहुल, कोई आलोचना करते समय शब्दों के सही चयन में प्रायः चूक कर जाते हैं। जब ऐसा होता है तो यही ध्वनित होता है कि गांधी परिवार के सदस्य अहंकार में डूब कर अपनी राजशाही मानसिकता का परित्याग नहीं कर पा रहे हैं। राजनीति में समालोचना नितांत अपेक्षित है, समालोचक होना और समालोचना करना बड़ी बात है, पर जब नेता सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्तित्व की गरिमा को ही खंडित करता है, अपना विवेक गिरवी रख कर समालोचना करता है, तो उसे समालोचना नहीं, स्तरहीन विरोध ही कहा जाएगा। ऐसे विरोध के प्रति दया का भाव ही जताया जा सकता है, उसका उत्तर नहीं दिया जा सकता। आखिर, निषेधात्मक भावों का उत्तर कब तक दिया जाए लोकतंत्र समालोचना का विरोधी नहीं है, बल्कि स्वस्थ एवं शालीन समालोचना का स्वस्थ लोकतंत्र में स्वागत ही होता है, इससे राजनीति परिपक्व एवं मजबूत होती है, किंतु नमक की रोटी का क्या स्वागत किया जाए कुछ आटा हो तो नमक की रोटी भी काम की हो सकती है पर जिसमें कोरा नमक ही नमक हो, वह स्पृहणीय कैसे बन सकती है। प्रश्न है कि इस तरह की दूषित राजनीति एवं पूर्वाग्रहों के घनघोर परिवेश से लोकतंत्र एवं राष्ट्रपति जैसा सर्वोच्च पद कब तक आहत होता रहेगा

# ट्रंप और मोदी की नीतियों में समानताएं अधिक विषमताएं कम

पिछली सदी में वैश्विकरण पर जोर था। वर्तमान में स्वदेशीकरण पर। दुनिया के अनेक देशों में अपना राष्ट्र, संस्कृति, विरासत, परंपराओं, उत्पाद और अपनी विचारधारा को प्राथमिकता दी जा रही है।

यूरोप के अधिकांश देशों में राष्ट्रवादी पार्टीयां, जिनमें बहुत सी हाल में बनाई गई हैं, सत्ता के करीब आ रही हैं। पश्चिम में सबसे अमीर देश अमेरिका और पूर्व में विकासशील भारत, दोनों में राष्ट्रवाद की नई लहर जीवन के हर क्षेत्र में स्वदेशीकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है। ट्रंप और मोदी, दोनों की नीतियों में समानताएं अधिक हैं, विषमताएं कम। ट्रंप अमेरिका पहले' और अमेरिका में उत्पादन' की नीति पर चल रहे हैं, तो मोदी मेक इन इंडिया' की नीति को बढ़ावा देने पर। अनधिकृत अप्रवासियों (माइग्रेंट्स) को दोनों ही देश के लिए खतरा मानते हैं। दोनों विश्व के बड़े जनतांत्रिक देश हैं किंतु अमेरिका में राष्ट्रपति की निर्णय लेने की संवैधानिक शक्ति भारत के प्रधानमंत्री से अधिक हैं। शपथ लेते ही ट्रंप ने अपनी नीतियों के कार्यान्वयन के लिए आदेशों की झड़ी लगा दी, जो भारत के प्रधानमंत्री के लिए संभव नहीं है। यूरोप में राष्ट्रवादी पार्टीयां, जिन्हें दक्षिणपंथी कहा जा रहा है, वर्षो से सत्ता में रही पार्टीयों को चुनौती दे रही हैं। यह अप्रत्याशित घटना नहीं है। आर्थिक असुरक्षा, बढ़ती बेरोजगारी, नकारात्मक जीडीपी, मुक्त आयात एवं सामाजिक असंतुलन और विद्वेष को जन्म देता अप्रवासी प्रवाह इसकी पृष्ठभूमि में है।

नीदरलैंड के उच्च सदन में सबसे अधिक सीट इस बार दक्षिणपंथी फार्मर सिटीजन मूवमेंट पार्टी ने हासिल कीं। इंग्लैंड में टोरी पार्टी के अग्रणी उम्मीदवारों के साथ-साथ लेबर पार्टी के कुछ बड़े चेहरे भी राष्ट्रवादी विचारधारा को बढ़ाने में लगे हैं। जर्मनी में थोड़ी अवधि को छोड़ कर 2010 के बाद से वामपंथी दलों की स्थिर सरकार नहीं बन पाई। वियना में राष्ट्रवादी फ्रीडम पार्टी का गठन सुर्खियों में रहा। यूरोपीय संघ ने इस पर प्रतिबंध तक लगाए। यूरोपीय संघ की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इटली का नेतृत्व मेलोनी कर रही हैं, जिन्हें दक्षिणपंथी कहा जा रहा है। फिनलैंड में द फिंस गठबंधन सरकार में आई जिसका झुकाव राष्ट्रवाद की ओर है। फ्रांस में राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों का प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रवादी नेता मरीन ले पेन से कड़ा मुकाबला है। अप्रवासियों और बहुसंस्कृतिवाद की घोर विरोधी स्वीडन डेमोक्रेटिक पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। ग्रीस में दक्षिणपंथी पार्टीयों का संगठन सत्ता में आया है। स्पेन में स्थानीय चुनाव में राष्ट्रवादी बॉक्स पार्टी का अच्छा प्रदर्शन रहा। पोलैंड और हंगरी में राष्ट्रवादी पार्टीयां पहले से सत्ता में हैं। इस्त्राइल में यहूदी, अरबों को खतरा मानते हैं। अप्रवासन का सबसे अधिक असर फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और ऑस्ट्रिया पर पड़ा है, जहां पिछले दशकों में मुस्लिम आबादी में खासी वृद्धि हुई है। अधिकांश देशों में शरणार्थी बन कर पहुंचे मुस्लिम अप्रवासियों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्हें पहले तो इन देशों ने गले लगाया, उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई, किंतु सामाजिक-धार्मिक संतुलन आशातीत नहीं हो पाया, बढ़ते अपराधों के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

पेरिस स्थित इंस्टीटयूट मोंटेगनेज की यूरोप प्रोग्राम की निदेशक जार्जिना राइट का मानना है कि राष्ट्रवादी पार्टीयों का यूरोप में जागरण मुख्यधारा की राजनीति से लोगों की नाराजगी है, जिनके पास इन मुद्दों का जवाब नहीं हैः खुली सीमा बॉर्डर और राष्ट्रीय पहचान, पारंपरिक मूल्यों में गिरावट, वैश्वीकरण का विरोध और बेहतर भविष्य की गारंटी एवं सरकारों का नागरिकों की सुरक्षा और जिंदगी बेहतर बनाने वाले निर्देशों पर नियंतण्रका अभाव। अधिकांश यूरोपीय देश अप्रवासन की कड़ी नीति अपना सकते हैं। भारत सहित अन्य विकासशील एवं एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के गरीब देशों के लोगों का पश्चिम के विकसित देशों में अवैध रूप से जाना और कठिन हो जाएगा। अमेरिका में सबसे अधिक अवैध अप्रवासी उसके पड़ोसी देशों मैक्सिको, वेनेजुएला और ग्वाटेमाला से हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार भारत से 18,000 के अवैध प्रवासी अमेरिका में हैं।

अवैध अप्रवासन की समस्या से भारत पहले ही जूझ रहा है। 1970 के दशक में बांग्लादेश बनने के बाद से बांग्लादेशियों की घुसपैठ अब तक जारी है। 2007 में भारत के तत्कालीन गृह राज्य मंत्री ने कहा था कि देश में 1.2 करोड़ अवैध बांग्लादेशी हैं। 2014 में सीबीआई के एक पूर्व डायरेक्टर के अनुसार इनकी संख्या 5 करोड़ से ऊपर हो चुकी थी। देश के अधिकांश हिस्सों में बांग्लादेश के घुसपैठिए बड़ी संख्या में बस गए हैं, जिनके पास दलालों और स्थानीय नेताओं की मेहरबानी से नागरिकता संबंधी फर्जी दस्तावेज, राशन कार्ड भी हैं, सरकार की लोक कल्याण की योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिल रहा है। उन्हें बाहर निकालने की बात तो सरकारें करती रही हैं किंतु इच्छाशक्ति का अभाव है, और अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। प. बंगाल और असम की डेमोग्राफी को तो बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों ने बदल ही दिया है। दोनों राज्यों के कई जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या मूल निवासियों से अधिक हो गई है। म्यांमार से आए रोहिंग्या की संख्या भी दिनोंदिन बढ़ रही है। गृह मंत्रालय के अनुसार 40,000 से अधिक रोहिंग्या बिना दस्तावेज भारत में रह रहे हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान त्रिवेणी संगम, गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम के पास महाकुंभ मेला स्थल पर कई टेंटों में लगी आग को बुझाने में जुटे अग्निशमन कर्मी।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, एनसीपी (सपा) सांसद सुप्रिया सुले और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हावेरी के रानीबेन्नूर पहुंचने पर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने स्वागत किया।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान त्रिवेणी संगम के पास महाकुंभ मेला स्थल पर कई टेंटों में आग लगने के बाद अग्निशमन कर्मी आग बुझाने का प्रयास करते हुए।



अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी।



फरीदाबाद में 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला शिल्प महाकुंभ के उद्घाटन के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ।

# अपनी राय बताए बिना विधेयकों को नहीं रोक सकते राज्यपाल तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने और क्या कहा

**नईदिल्ली, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अगर राज्यपाल राज्य सरकार को अपनी राय बताए बिना विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर अपनी सहमति नहीं देते हैं तो इससे गतिरोध पैदा हो सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि केंद्रीय कानून के खिलाफ होने के आधार पर अपनी राय बताए बिना विधेयकों को को दबाए नहीं रख सकते।अगर राज्यपाल को प्रथम दृष्ट्या लगता है कि विधेयक में असहमति है तो क्या उन्हें इसे राज्य सरकार के संज्ञान में नहीं लाना चाहिए। सरकार से यह कैसे उम्मीद की जा सकती है कि वह राज्यपाल के मन में क्या है, यह जान सके। तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधेयकों को लंबे समय तक लटकाए रखने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कई सवाल किए।



कोर्ट ने राज्यपाल की ओर से पक्ष रख रहे अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से पूछा कि क्या राज्यपाल विधेयकों पर सहमति रोके रखने के बाद उन विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर राज्यपाल को लगता था कि विधेयक सही नहीं हैं, तो क्या उन्हें यह तत्काल सरकार के ध्यान में नहीं लाना चाहिए था, ताकि विधानमंडल उन पर पुनर्विचार करता। अटार्नी जनरल ने पीठ की जिज्ञासाओं का जवाब देते हुए कहा कि यह मामले की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पार्डीवाला और आर महादेवन की पीठ आजकल तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही है। तमिलनाडु सरकार ने राज्यपाल पर विधेयकों को लटकाए रखने और मंजूरी नहीं देने का आरोप लगाया है। कहा है कि 12 विधेयकों पर राज्यपाल ने मंजूरी रोकी थी। बाद में उन्हें राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दिया। ज्यादातर विधेयक विश्वविद्यालय में कुलाधिपति के अधिकारों से संबंधित हैं। बहस में जब राज्यपाल की ओर से अटार्नी जनरल पक्ष रख रहे थे तभी जस्टिस पार्डीवाला ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 200 तीन तरह की स्थितियों की बात करता है, जिसमें या तो राज्यपाल बिल को मंजूरी देंगे या सहमति रोक लेंगे या फिर विधेयक को राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज देंगे।जस्टिस पार्डीवाला ने कहा कि अनुच्छेद 200 की भाषा में या और या फिर शब्द इस्तेमाल किया गया है। ऐसे में जब राज्यपाल ने सोच समझ कर बिलों पर मंजूरी रोकने का निर्णय ले लिया तो क्या बाद में वह उसे राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। अटार्नी जनरल ने कहा कि यह मामले के तथ्यों पर निर्भर करेगा। इस पर पीठ का फिर सवाल था कि मामले के तथ्यों की बात नहीं है।क्या कानून में इसकी इजाजत है। अटार्नी जनरल ने हां में जवाब देते हुए कहा कि अनुच्छेद 200 के प्रविधान काफी लचीले हैं। इसके मुताबिक राज्यपाल को दोनों शक्तियां प्राप्त हैं। राज्यपाल ने विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजकर अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वाह किया है।

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शुक्रवार को कर्नाटक माइक्रोफाइनेंस (जबरदस्ती कार्रवाई की रोकथाम) अध्यादेश 2025 को खारिज कर दिया और कहा कि इसके मौजूदा स्वरूप में ऋणदाताओं के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है।सिद्दरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाओं और राज्य के विभिन्न हिस्सों से माइक्रोफाइनेंस फर्मों द्वारा ऋण वसूली के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों के खिलाफ कई शिकायतों के जवाब में माइक्रोफाइनेंस को विनियमित करने का प्रस्ताव दिया था।इससे पहले मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि राज्यपाल ने अध्यादेश को खारिज करने के कई कारण बताए हैं। कर्जदारों को माइक्रोफाइनेंस संस्थानों द्वारा उत्पीड़न से बचाने के उद्देश्य से कर्नाटक सरकार ने दंडात्मक प्रविधानों के साथ अध्यादेश का मसौदा तैयार किया है। इसमें नियमों के उल्लंघन के लिए 10 साल तक की जेल की सजा और पांच लाख रुपये का जुर्माना शामिल है।

## ब्रिटिश नौसेना में महिला अधिकारी वर्दी के रूप में पहन सकेंगी साड़ी



**लंदन।** ब्रिटेन की रॉयल नौसेना ने अपने औपचारिक ड्रेस कोड को अधिक समावेशी बनाने के लिए महिला अधिकारियों को वर्दी के एक भाग के रूप में साड़ी पहनने की अनुमति दी है। नए ड्रेस कोड के तहत महिला अधिकारी औपचारिक अवसरों पर मेस जैकेट के नीचे साड़ी सहित अन्य सांस्कृतिक परिधान पहन सकती हैं। इंटरनेट मीडिया लिंक्डइन पर रॉयल नेवी रेस डायवर्सिटी नेटवर्क के अध्यक्ष लांस कार्पोरल जैक कनानी ने एक फोटो साझा कर इसकी जानकारी दी। कनानी की तस्वीर में कैप्टन दुर्दाना अंसारी वर्दी जैकेट के नीचे साड़ी पहने दिख रही हैं। कनानी ने कहा कि यह नीति वर्दी में शामिल सांस्कृतिक कपड़ों के क्रमिक विस्तार के अनुरूप है। कनानी ने बताया कि मौजूदा नीति में पहले से स्काटिश, आयरिश, वेल्श, कार्निश और मैनक्स विरासत को किल्ट्स और टार्टन ड्रेस पहनकर प्रदर्शित करने की अनुमति है। अब रॉयल नौसेना में सेवा देने वाली अन्य ब्रिटिश संस्कृतियों को भी शामिल किया गया है। कनानी ने बताया कि नीति में संशोधन से पहले महिलाओं से राय ली गई थी।इससे समझा गया कि सांस्कृतिक मेस ड्रेस पर मौजूदा नीति को व्यापक बनाने से उन्हें अपनी रॉयल नौसेना और सांस्कृतिक विरासत दोनों का जश्न मनाने का मौका मिलेगा।

## तमिलनाडु में नौ साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न में प्रिंसिपल समेत 5 गिरफ्तार

**तिरुचिरापल्ली ।** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले में कक्षा चार की नौ वर्षीया बच्ची की यौन प्रताड़ना के आरोप में एक निजी स्कूल के ट्रस्टी और प्रिंसिपल समेत पांच पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना को लेकर तिरुचिरापल्ली के मानप्पराई में अभिभावकों ने व्यापक प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल के पति वसंत कुमार ने लड़की का यौन उत्पीड़न किया। वसंत स्कूल का ट्रस्टी है। नौ वर्षीया बच्ची ने इस घटना की जानकारी अपने अभिभावकों को दी और उन्होंने पुलिस को शिकायत सौंपी। लड़की की दादी की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

# इंसान को लगाई गई सुअर की किडनी, सफल रहा प्रत्यारोपण, जीन में बदलाव करके विज्ञानियों ने किया कमाल

**बोस्टन, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

विज्ञानियों ने सुअर के जीन में बदलाव कर उसकी किडनी इंसान में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित की है। अभी मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है और अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर आ गया है। इस कामयाबी से भारत समेत दुनिया भर में किडनी फेल्योर का सामना कर रहे लाखों मरीजों के लिए उम्मीद की एक किरण जगी है कि उनको प्रत्यारोपण के लिए बहुत लंबा इंतजार नहीं करना होगा।सर्जनों ने जनवरी माह में सुअर की किडनी को 66 वर्षीय व्यक्ति में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया है। यह किडनी ऐसे सुअर की है जिसके जीन में बदलाव किया गया था। मरीज की किडनी फेल हो गई थी। मैसाचुसेट्स जनरल हास्पिटल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। सुअर की किडनी लगाने के लिए टिम एंड्रयूज की जनवरी के अंत में सर्जरी हुई थी और



उनको एक सप्ताह बाद हास्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया। अमेरिका में सुअर की किडनी का यह चौथा प्रत्यारोपण था। वहीं, यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन मंजूर किए गए क्लीनिकल ट्रायल के तहत सुअर की किडनी का यह पहला प्रत्यारोपण था। क्लीनिकल ट्रायल के तहत तीन किडनी प्रत्यारोपण किए जाने हैं। इससे पहले प्रत्यारोपण के बाद दो मरीजों की कम समय में ही मौत हो गई थी। इनमें से एक मरीज प्रत्यारोपण से पहले गंभीर रूप से बीमार था। अमेरिका में एक लाख से अधिक व्यक्ति प्रत्यारोण अंगों के लिए वेटिंग लिस्ट में हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों को किडनी का प्रत्यारोण कराना है।

मगर मानव दाता अंगों की किल्लत है और यह माना जा रहा है कि वेटिंग में ही बहुत से लोगों की मौत हो जाएगी। प्रत्यारोपण अंगों की कमी को दूर करने के लिए कई बायोटेक कंपनियां सुअरों के जीन में बदलाव कर रही हैं, जिससे उनके अंगों को मानव शरीर आसानी से रिजेक्ट न करे।नया क्लीनिकल ट्रायल जीन में बदलाव किए गए पशु अंगों पर किए गए दो अध्ययनों में से एक है, जिनको इस सप्ताह की शुरुआत में रेग्युलेटर से मंजूरी मिली है। क्लीनिकन ट्रायल में बायोटेक कंपनी ईजेनेसिस द्वारा तैयार किए गए अंगों का इस्तेमाल हो रहा है। दूसरा क्लीनिकल ट्रायल इसी वर्ष आने वाले महीनों में छह मरीजों के साथ शुरू होगा।

# कौशल विकास की 3 स्कीमों का ऐलान, 8800 करोड़ खर्च करने का प्लान, ऐसे युवाओं को मिलेगा रोजगार

**नईदिल्ली, 08 फरवरी [एजेंसी]।**



युवाओं को पढ़ाई के साथ रोजगार से जोड़ने में जुटी केंद्र सरकार अब उन्हें भविष्य की जरूरत के हिसाब से तैयार करेगी और उनका कौशल विकास भी होगा। इसके लिए सरकार ने कौशल विकास की पहले से चल रही तीन स्कीमों के नए चरण का एलान किया है। जिस पर कुल 88 सौ करोड़ रुपए खर्च होंगे। इनमें सबसे अधिक छह हजार करोड़ अकेले कौशल विकास योजना 4.0 पर खर्च होंगे। सरकार ने इसके साथ ही 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को देखते हुए कौशल विकास की मैपिंग करने के लिए एक मास्टर प्लान तैयार करने को भी मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में पिछले सालों में कौशल विकास को लेकर उठाए गए कदमों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसके साथ ही नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम को रफ्तार देने की मंजूरी दी गई है। जिस पर 1942 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

इसी तरह पिछले क्षेत्रों में स्किल से जुड़े कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए जन शिक्षण संस्थान को 858 करोड़ रुपये की राशि दी गई है। यह राशि देशभर के 307 जन शिक्षण संस्थानों पर खर्च होगी। कौशल विकास से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि उद्योगों की मांग और जरूरत को देखते ही कौशल विकास से जुड़े प्रोग्राम चलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 2015 से अब तक करीब 1.60 करोड़ लोगों को कौशल विकास स्कीम से जोड़ा गया है। इसके साथ ही 39 लाख लोगों को नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम का लाभ दिया गया है।कौशल को लेकर सरकार का जोर इसलिए भी है क्योंकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 2025 तक स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाले 50 प्रतिशत छात्रों को कौशल विकास से जोड़ने की सिफारिश की गई है।

# राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज, जानबूझकर देश विरोधी बयान देने का लगा आरोप, पुलिस ने जांच की शुरू



**झारसुगुड़ा, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ओडिशा में एफआईआर दर्ज की गई है। ओडिशा के झारसुगुड़ा पुलिस थाने में राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 और 197 (1) (डी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। राहुल गांधी पर कथित तौर पर जानबूझकर राष्ट्र-विरोधी बयान देने का आरोप लगाया गया है। यह भी कहा गया कि इससे हर भारतीय नागरिक आहत हुआ है। एफआईआर के मुताबिक 7 फरवरी को रात साढ़े 11 बजे शिकायत दर्ज कराई गई है। सरबहाल के रहने वाले 42 वर्षीय राम हरि पुजारी ने यह शिकायत दर्ज कराई है। इसमें भाजपा, भाजपा युवा मोर्चा, आरएसएस, बजरंग दल और झारसुगुड़ा जिले के भाजपा विधिक प्रकोष्ठ के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी जानबूझकर राष्ट्र विरोधी बयान दे रहे हैं। इससे प्रत्येक भारतीय आहत है।एफआईआर में कहा गया है कि राहुल गांधी के बयान ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमाओं को पार कर दिया है।

भारतीय राज्य के खिलाफ अपनी लड़ाई की घोषणा करके उन्होंने जानबूझकर लोगों के बीच विध्वंसक गतिविधियों और विद्रोह को उकसाया है। यह भी कहा गया है कि इन बयानों से भारत की संप्रभुता और अखंडता को कमजोर किया है। उधर, शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। राहुल गांधी ने 15 जनवरी को दिल्ली के कोटला रोड पर कांग्रेस पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान भाषण दिया था।

इस दौरान सांसद राहुल गांधी ने कहा, कि आरएसएस की विचारधारा की तरह हमारी विचारधारा भी हजारों साल पुरानी है और यह हजारों सालों से आरएसएस की विचारधारा से लड़ रही है। यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष लड़ाई लड़ रहे हैं। इसमें कोई निष्पक्षता नहीं है। अगर आपको लगता है कि हम भाजपा या आरएसएस नामक राजनीतिक संगठन से लड़ रहे हैं तो आप समझ नहीं पाए हैं कि क्या हो रहा है। भाजपा और आरएसएस ने हमारे देश की हर संस्था पर कब्जा कर लिया है।

## लंदन का ग्रेनफेल टावर होगा ध्वस्त हादसे के 8 साल बाद फैसला अग्निकांड में 72 लोगों की गई थी जान

**नई दिल्ली।** भयानक अग्निकांड के आठ साल बाद लंदन के ग्रेनफेल टावर को ढहाया जाएगा। ब्रिटेन सरकार ने शुक्रवार को ग्रेनफेल टावर के ढहाने की योजना का एलान किया। 14 जून 2017 की सुबह ग्रेनफेल टावर में भीषण आग लगी थी। इस हादसे में कुल 72 लोगों की जान गई थी। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन में हुआ यह सबसे भयावह अग्निकांड था।हादसे के आठ साल बाद इमारत को ढहाने के फैसले का विरोध भी हो रहा है। हादसे में अपनों को खोने वाले लोग सरकार के इस निर्णय की आलोचना कर रहे हैं। दरअसल, यह लोग इमारत के जले हुए ढांचे को मृतकों की स्मृति के तौर पर संरक्षित करना चाहते हैं। ग्रेनफेल टावर पश्चिमी लंदन के उत्तरी केंसिंग्टन के पास स्थित है। यह इमारत लगातार त्रासदी की याद दिलाती है।मगर सरकार का कहना है कि पुनर्विकास और 24 मंजिला इमारत के अवशेषों को हटाने से समुदाय को राहत मिलेगी।

# ढीले पड़े ट्रंप के तेवर, चीन पर टैरिफ लगाने का आदेश रोका, कनाडा और मेक्सिको को भी मिल चुकी राहत

**वाशिंगटन, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को चीन से आयातित कम लागत वाली वस्तुओं पर टैरिफ लगाने का आदेश फिलहाल रोक दिया है। यह तब तक लागू नहीं किया जाएगा जब तक वाणिज्य विभाग इस बात की पुष्टि नहीं कर लेता कि वस्तुओं को प्रोसेस करने और टैरिफ एकत्र करने के लिए प्रक्रियाएं व व्यवस्थाएं मौजूद हैं।गौरतलब है कि ट्रंप के एक कार्यकारी आदेश के जरिये पिछले शनिवार को चीन से आयातित कम लागत वाली वस्तुओं सहित विभिन्न वस्तुओं पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि इस कदम को विलंबित करने वाले कार्यकारी आदेश में संशोधन बुधवार को किया गया था, लेकिन इसे शुक्रवार को सार्वजनिक किया गया।इस बीच, राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले सप्ताह कई देशों पर जवाबी टैरिफ की घोषणा करने की योजना बना रहे हैं, ताकि अन्य देश अमेरिका के साथ समान व्यवहार करें। ट्रंप ने यह नहीं बताया



कि किन देशों पर इसका असर पड़ेगा, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि यह एक व्यापक प्रयास होगा जो अमेरिका की बजट समस्याओं को हल करने में भी मदद कर सकता है। यह कदम ट्रंप के चुनावी वादे को पूरा करेगा जिसमें अमेरिकी आयातों पर टैरिफ लगाया जाएगा, जो उस टैरिफ के बराबर होगा जो व्यापारिक साझीदार देश अमेरिकी निर्यातों पर लगाते हैं।ट्रंप ने यह घोषणा अमेरिका यात्रा पर आए जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ एक बैठक के दौरान की। इशिबा का स्वागत करते हुए ट्रंप ने कहा, वी लव जापान। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी बताया है कि वह अगले हफ्ते यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह गाजा पट्टी को पुनर्विकसित करने की अपनी योजना को लागू करने की किसी जल्दी में नहीं हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा को अपने में समाहित करने की बात वास्तविक है और यह देश के समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों से जुड़ी है। ट्रूडो ने यह टिप्पणी व्यापार और श्रमिक नेताओं के साथ बंद कमरे में आयोजित एक सत्र के दौरान की।

इसमें इस बात पर चर्चा की गई कि ट्रंप द्वारा कनाडा से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ लगाने की धमकियों का सबसे बेहतर तरीके से कैसे जवाब दिया जाए। उनकी टिप्पणियों को सबसे पहले टोरंटो स्टार ने रिपोर्ट किया, जिसमें कहा गया कि उन्हें गलती से लाउडस्पीकर पर प्रसारित कर दिया गया था। ट्रंप ने बार-बार कहा है कि अगर कनाडा 51वां अमेरिकी राज्य बनने के लिए सहमत हो जाए तो यह उसके लिए बेहतर होगा।

# बिहार के लोगों को मिलेगा रोजगार, यहां बनेगा प्रधानमंत्री एकता मॉल, सभी राज्यों का दिखेगा उत्पाद

**पटना, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

राजधानी के लोगों के लिए खुशखबरी है। अटल पथ पर प्रधानमंत्री एकता मॉल बनेगा। इसमें देश के सभी राज्यों के स्थानीय हस्तशिल्प और हथकरधा ओडीओपी और जीआई उत्पाद रहेगा।शनिवार को होटल मौर्या में होने वाली पटना नगर निगम की बोर्ड की बैठक में पाटलीपुत्र पानी टंकी के पास स्थित 3.99 एकड़ भूमि हस्तांतरण करने के फैसले पर अंतिम मुहर लग सकती है। इस मामले पर सशक्त स्थायी समिति अपनी सहमति दे चुकी है।प्रधानमंत्री एकता मॉल के निर्माण और भू-खंड के विषय पर राज्य के विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक हो चुकी है। वर्तमान समय में इस भू-खंड पर कचरा डंपिंग यार्ड है। नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने इस कचरा डंपिंग यार्ड को यथाशीघ्र हटाने का निर्देश दिया गया है। इसी माह इस भूखंड में बहुमंजीली भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। भारत सरकार को यथाशीघ्र भूखंड हैंडओवर करने का निर्देश दिया है। उद्योग विभागों को यह भू-खंड स्थानांतारित होने जा रहा है।नगर निगम बोर्ड की बैठक से प्रस्ताव पारित होते ही उद्योग विभाग को प्रधानमंत्री एकता मॉल बनाने के लिए एनओसी दे देगा। यहां कर्मियों के निर्मित आवास टूटेंगे। नगर निगम निःशुल्क में यह भूखंड उपलब्ध कराने जा रहा है। प्रधानमंत्री एकता भवन में पटना नगर निगम को भी जगह उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए बड़े स्तर पर स्थान आवंटित किया जाएगा। इस भू-खंड को पहले नगर विकास एवं आवास विभाग के कार्यालय के लिए चयनित किया गया था। अब इस स्थान पर एक पेट्रोल पंप भी बनकर तैयार हो गया है।अटल पथ और बोरिंग रोड के



बीच में स्थित पाटलिपुत्र पानी टंकी कचरा डंपिंग यार्ड से आसपास के लोग परेशान रहते हैं। पाटलिपुत्र कॉलोनी के निवासी कई बार आंदोलन कर चुके हैं। अटल पथ बोरिंग रोड का लिंक पथ से आने-जाने वाले बदबू की चपेट में आ जाते हैं।

पाटलिपुत्र की कार्यपालक पदाधिकारी पुण्यातरु दीघा में खाली भूखंड पर कचरा ट्रांसफार्मर स्टेशन बनवाने के लिए निरीक्षण की है। इसके लिए स्थल का भी चयन कर लिया गया है। कुछ दिनों के बाद अत्याधुनिक तरीके से कचरा ट्रांसफर केंद्र बनाया जाएगा। यहां से कचरे की बदबू आसपास नहीं आएगी।बिहार को बहुत बड़ा सौगात मिलने जा रहा है। सभी राज्यों के उत्पादन प्रदर्शित होगा। उद्योग का हब बन जाएगा। बिहार के हर तरह के उत्पादों को बाजार मिलेगा। ग्रामीण कारीगरों को वैश्विक बाजार उपलब्ध होगा। पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। बिहार को एक तोहफा के रूप में प्रधानमंत्री एकता मॉल मिलने जा रहा है। यह मॉल बिहार के प्रगति को बढ़ावा देगा।

# हमारे साथ अपराधियों जैसा व्यवहार हुआ, भारतीय नागरिकों को हथकड़ी और बेड़ियों से जकड़ने पर ट्रंप के खिलाफ आक्रोश




**नईदिल्ली, 08 फरवरी [एजेंसी]।**


अमेरिका ने अपने सैन्य विमान से 104 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा। मगर हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियों से जकड़े इन नागरिकों की फोटो दुनियाभर में वायरल हुई। इसके बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रति लोगों का गुस्सा भड़कने लगा है।नई दिल्ली में विपक्षी दलों ने सरकार के खिलाफ संसद के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान कई नेताओं ने अपने हाथों में हथकड़ी पहनकर अपना विरोध दर्ज कराया। उधर, एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में डोनाल्ड ट्रंप के पुतले फूंके।पिछले महीने अमेरिका ने कोलंबिया के अवैध नागरिकों को अपने वतन से निकाला था। मगर नागरिकों को हथकड़ी बांधने और बेड़ियों में जकड़ने की अमेरिकी हरकत पर कोलंबिया भड़क उठा था। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो इतने नाराज हुए कि उन्होंने अमेरिकी सैन्य विमान को उतरने की अनुमति तक नहीं दी। इसी तरह के बर्ताव के बाद ब्राजील ने अमेरिकी राजदूत को तलब किया।104 भारतीय को लेकर पहुंचा अमेरिकी सैन्य विमान अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा। पंजाब के मंत्री कुलदीप धालीवाल ने भी अमेरिका की इस हरकत पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि हमारे नागरिक आतंकवादी नहीं थे।

उन्होंने किसी देश के खिलाफ कुछ नहीं किया। वे वहां आजीविका के लिए गए थे। उनके साथ धोखा हुआ। उन्हें बेड़ियों में जकड़ना बहुत गलत था।मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने पीएम मोदी से अपील की है कि वे अब इस मुद्दे को सुलझाने के लिए अपनी दोस्ती का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि अगर यह दोस्ती जरूरतमंद भारतीय नागरिकों की मदद नहीं कर सकती है तो इसका क्या मतलब है। 23 साल के आकाशदीप सिंह ने बताया कि हमारे हाथों में हथकड़ी थी और टखने पर जंजीर बांधी गई थी। हमने सैन्य अधिकारियों से खाने और बाथरूम जाने के दौरान इन्हें उतारने का अनुरोध किया। मगर उन्होंने हमारे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया। उन्होंने जिस तरह से हमें देखा, मैं इसे कभी नहीं भूलूंगा। हम बेड़ियों में जकड़े हुए बाथरूम जाना पड़ा।35 साल के सुखपाल सिंह ने बताया कि पूरे रास्ते सभी को बेड़ियां लगी रहीं। गुआम द्वीप पर ईंधन भरने के दौरान भी नहीं खोला गया। हमारे साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया। अगर हमने खड़े होने की कोशिश की तो सैनिक बैठने के लिए चिल्लाते थे। पैरों में सूजन आ चुकी थी।

# राजस्थान के राजपूताना वास्तुकला का शानदार उदाहरण है नीमराना किला

**नीमराना राजधानी जयपुर से लगभग 122 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जो आसानी से सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, दिल्ली से भी यह 130 किलोमीटर दूर है, और यहां तक पहुंचने के लिए पर्यटक ट्रेन, बस या कार का उपयोग कर सकते हैं। राजस्थान के अलवर जिले में स्थित नीमराना एक ऐतिहासिक शहर है, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, प्राचीन किलों और शांतिपूर्ण वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। यह जगह भारतीय इतिहास, वास्तुकला और संस्कृति के प्रेमियों के लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल है। नीमराना का किला यहां का प्रमुख आकर्षण है, जो इस स्थान को दुनियाभर में प्रसिद्ध बनाता है। आइए, जानते हैं नीमराना के बारे में कुछ रोचक जानकारी।**





### 1. नीमराना किला

नीमराना किला, जो कि 15वीं शताब्दी का ऐतिहासिक किला है, इस स्थान का मुख्य आकर्षण है। किला राजस्थान के राजपूताना वास्तुकला का शानदार उदाहरण है। यह किला लगभग 12 एकड़ भूमि में फैला हुआ है और यहां से पूरे नीमराना शहर का सुंदर दृश्य देखा जा सकता है। किला अब एक प्रसिद्ध होटल के रूप में परिवर्तित हो चुका है, जहां पर्यटक रुक सकते हैं और इस ऐतिहासिक किले का अनुभव कर सकते हैं। किले में एक शानदार स्विमिंग पूल, स्पा, रेस्टोरेंट और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

इसे भी पढ़ें- ञ्चह्म्ड्ड1द्गद्य ञ्जद्बश्चह्य- पार्टनर के साथ इन रोमांटिक जगहों को करें एक्सप्लोर, बिता सकेंगे क्वालिटी टाइम

### 2. नीमराना की ऐतिहासिकता

नीमराना का इतिहास काफी रोचक और पुराना है। यह किला नीमराना परिवार द्वारा 1464 में बनवाया गया था। किले का निर्माण उस समय के राजपूत साम्राज्य के महलों और किलों के अनुकूल किया गया था। नीमराना का नाम %नीम% (नीम के पेड़) और %राणा% (शासक) शब्दों से मिलकर पड़ा है, और इसका एक रोमांटिक इतिहास भी है। किले का डिज़ाइन और संरचना आज भी पर्यटकों को आकर्षित करती है।

### 3. पर्यटन के अन्य आकर्षण

नीमराना के किले के अलावा, यहाँ कुछ अन्य आकर्षक स्थल भी हैं-

वामदेव मंदिर- यह प्राचीन मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। मंदिर में शांति का वातावरण और अद्भुत स्थापत्य कला देखने को मिलती है।

बीलू और सुरजकुंड- यह स्थल प्राकृतिक सुंदरता और शांति का अनुभव करने के लिए आदर्श है। यहां पर पर्यटक प्रकृति के सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं।

नीमराना झील- यह झील किले के पास स्थित है और पर्यटकों को यहां पिकनिक मनाने और प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेने का अवसर मिलता है।

### 4. कैसे पहुंचे नीमराना?

नीमराना राजधानी जयपुर से लगभग 122 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जो आसानी से सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, दिल्ली से भी यह 130 किलोमीटर दूर है, और यहां तक पहुंचने के लिए पर्यटक ट्रेन, बस या कार का उपयोग कर सकते हैं। नीमराना के पास का सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन अलवर है, जो इस स्थान से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित है।

### 5. आवास और खाने की व्यवस्था

नीमराना में विभिन्न प्रकार के होटलों और रिसॉर्ट्स की सुविधा उपलब्ध है, जिनमें से नीमराना किला एक प्रमुख स्थान है। यहाँ पर्यटक ऐतिहासिक माहौल में आराम करने का अनुभव कर सकते हैं। इसके अलावा, यहां के रेस्टोरेंट्स में राजस्थान की पारंपरिक रेसिपी का आनंद भी लिया जा सकता है, जिसमें दाल बाटी चूरमा, गट्टे की सब्जी और राजस्थान की स्वादिष्ट मिठाइयां प्रमुख हैं।

### 6. सर्वश्रेष्ठ समय

नीमराना घूमने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच होता है, जब मौसम ठंडा और आरामदायक रहता है। गर्मियों में यहां का तापमान बहुत ज्यादा हो सकता है, इसलिए इस मौसम में यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है।

नीमराना एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर से भरपूर स्थल है, जो पर्यटकों को एक अद्भुत अनुभव प्रदान करता है। यहां का किला, मंदिर, और प्राकृतिक दृश्य न केवल रोमांचक हैं, बल्कि भारतीय इतिहास और संस्कृति को जानने का भी एक बेहतरीन अवसर देते हैं। अगर आप भी राजस्थान की खूबसूरत और ऐतिहासिक यात्रा करना चाहते हैं, तो नीमराना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

# क्या कैन वाले पेय पीना सेहत के लिए हानिकारक होते हैं?

आजकल बाजार में कई तरह के पेय पदार्थ कैन में उपलब्ध हैं। लोग इन्हें आसानी से खरीदकर पीते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इन कैन का आपकी सेहत पर क्या असर पड़ सकता है?

कैन वाले पेय पीने के कुछ संभावित नुकसान हो सकते हैं, जिनके बारे में जानना जरूरी है।

इस लेख में हम इन्हीं नुकसानों के बारे में चर्चा करेंगे और आपको बताएंगे कि किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि सेहत सुरक्षित रहे।

एल्यूमिनियम की समस्या

कैन आमतौर पर एल्यूमिनियम से बने होते हैं।

जब आप इनसे पेय पदार्थ पीते हैं तो थोड़ी मात्रा में एल्यूमिनियम आपके शरीर में जा सकती है। यह धातु आपके मस्तिष्क और हड्डियों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

हालांकि, एक बार या कभी-कभी सेवन करने पर इसका असर कम होता है, लेकिन नियमित रूप से ऐसा करना आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।



इसलिए कोशिश करें कि आप ताजे फलों का रस या अन्य प्राकृतिक विकल्प चुनें।

बिस्फेनॉल ए (बीपीए) की उपस्थिति

कैन के अंदर एक पतली प्लास्टिक की कोटिंग होती है, जिसमें बिस्फेनॉल ए (बीपीए) नामक रसायन होता है।

यह रसायन हार्मोनल असंतुलन पैदा कर सकता है और लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने पर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है।

बीपीए को लेकर कई शोध हुए हैं जो बताते हैं कि यह कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप कांच या स्टील की बोतलों का उपयोग करें।

स्वाद और पोषण की कमी

कैन वाले पेय पदार्थों में अक्सर कृत्रिम स्वाद और रंग मिलाए जाते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छे नहीं होते।

इनमें पोषक तत्वों की भी कमी होती है क्योंकि ये प्रसंस्कृत होते हैं और इनमें शक्कर समेत अन्य आर्टिफिशियल तत्व मिलाए जाते हैं।

ऐसे पेय पदार्थ न केवल वजन बढ़ाते हैं बल्कि मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ाते हैं।

ताजे फलों का रस या नारियल पानी जैसे प्राकृतिक विकल्प चुनना हमेशा बेहतर होता है।

पर्यावरणीय प्रभाव- एल्यूमिनियम कैन पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं क्योंकि इन्हें बनाने और रिसाइकिल करने में बहुत ऊर्जा लगती है। अगर इन्हें सही तरीके से नहीं फेंका जाता है तो ये प्रदूषण का कारण बन सकते हैं।

प्लास्टिक कचरे की तरह ये भी हमारे पर्यावरण को हानि पहुंचा सकते हैं। इसलिए हमें इनके उपयोग को कम करने की कोशिश करनी चाहिए ताकि हम पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें।

## रिवीलिंग साड़ी पहन साक्षी मलिक ने कैमरे के सामने दिए सिजलिंग पोज



बॉलीवुड एक्ट्रेस साक्षी मलिक आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और किलर अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। भले ही एक्ट्रेस इन दिनों किसी भी फिल्म में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन वो आए दिन अपने लुक्स से फैंस को अपना दीवाना बनाती रहती हैं।

एक्ट्रेस साक्षी मलिक सोशल मीडिया सेंसेशन हैं और वो आए दिन अपने नए-नए लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अपनी हॉटनेस से इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर स अपने होश खो बैठे हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने बेहद खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। खुले बाल, लाइट मेकअप और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये स्टनिंग अवतार इंटरनेट पर आते ही छा गया है। साक्षी मलिक की इन तस्वीरों को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक कई यूजर्स ने लाइक्स और कॉमेंट्स कर दिए हैं। एक यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- ग्लैमरस। बता दें कि साक्षी मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।



## रोजमर्रा की आदतें आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा रही हैं, जानें कैसे रखें ध्यान

हमारी रोजमर्रा की आदतें हमारे स्वास्थ्य पर गहरा असर डालती हैं। कई बार हम अनजाने में ऐसी आदतों को अपना लेते हैं, जो हमारी सेहत के लिए हानिकारक हो सकती हैं।

इस लेख में हम पांच ऐसी आम आदतों के बारे में बताएंगे, जो धीरे-धीरे हमारी सेहत को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इनसे बचने के उपाय भी जानेंगे ताकि आप स्वस्थ जीवन जी सकें।

ज्यादा देर तक बैठना है खतरनाक

आजकल अधिकतर लोग ऑफिस या घर पर लंबे समय तक बैठे रहते हैं, खासकर कंप्यूटर के सामने।

यह आदत आपके शरीर के लिए हानिकारक हो सकती है क्योंकि इससे पीठ दर्द और मोटापा बढ़ सकता है।

कोशिश करें कि हर घंटे कुछ मिनट खड़े होकर चलें या स्ट्रेचिंग करें। इससे मांसपेशियों को आराम मिलेगा और रक्त संचार बेहतर होगा। अगर आपका काम लंबे समय तक बैठने का है तो एर्गोनोमिक कुर्सी का उपयोग करें और अपनी मुद्रा सही रखें।

पर्याप्त नींद न लेना- नींद हमारे शरीर और दिमाग के लिए जरूरी है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग नींद को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे थकान और तनाव हो सकता है।

हर दिन 7-8 घंटे की नींद लेने का प्रयास करें ताकि शरीर और दिमाग तरोताजा महसूस कर सके।

सोने से पहले मोबाइल या लैपटॉप का उपयोग न करें क्योंकि इनकी रोशनी नींद में बाधा डाल सकती है। एक नियमित सोने का समय तय करें और उसे पालन करें। पानी पीने में लापरवाही-पानी हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है, लेकिन कई लोग इसे पर्याप्त मात्रा में नहीं पीते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है।दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और त्वचा भी निखरी लगे। अगर सादा पानी पसंद नहीं आता है तो उसमें थोड़ा नींबू या पुदीना डाल सकते हैं। हमेशा अपने पास एक पानी की बोतल रखें ताकि आपको याद रहें कि आपको पानी पीना है। जंक फूड का अधिक सेवन- जंक फूड स्वादिष्ट होते हुए भी हमारी सेहत के लिए अच्छे नहीं होते हैं क्योंकि इनमें अधिक मात्रा में फैट्स, शक्कर और नमक होता है, जो मोटापा बढ़ाने के साथ-साथ दिल की बीमारियों का कारण बन सकता है। कोशिश करें कि अपनी डाइट में ताजे फल-सब्जियां शामिल करें, जो पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। अगर कभी-कभार जंक फूड खाने का मन करें तो उसकी मात्रा सीमित रखें और उसके बाद हल्की एक्सरसाइज जरूर करें। तनाव को नजरअंदाज करना तनाव आजकल हर किसी की जिंदगी का हिस्सा बन गया है, लेकिन इसे नजरअंदाज करना सही नहीं होता क्योंकि यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों पर बुरा असर डाल सकता है । नियमित रूप से योग या मेडिटेशन करने से तनाव कम किया जा सकता है और मन शांत रहता है।

इसके अलावा अपने दोस्तों और परिवार वालों संग समय बिताना भी अच्छा तरीका होता है।

## शब्द सामर्थ्य -320

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, बलर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 319 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |



## लकी हूं कि सोनू सूद के साथ काम करने का मौका मिला : कृष्णा पाटिल

फिल्म 'फतेह' से करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री कृष्णा प्रकाश पाटिल ने अभिनेता सोनू सूद के साथ काम करने के बारे में खुलकर बात की। उनका मानना है कि कहानी कहने के प्रति सोनू सूद का समर्पण प्रेरणादायक है। कृष्णा पाटिल खुद को लकी मानती हैं क्योंकि उन्हें न केवल अपनी पहली फिल्म में सोनू सूद के साथ काम करने का मौका मिला, बल्कि सूद ने उन्हें गाइड भी किया। वह एक प्रतिभाशाली अभिनेता और निर्देशक हैं, जिनके काम में जुनून के साथ ऊर्जा भी है। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में सह-कलाकारों से सर्वश्रेष्ठ अभिनय करवा सकने की उनकी क्षमता की प्रशंसा करती हूं। इसके अलावा, उन्होंने मुझे एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने में मदद की और कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण प्रेरणादायक है।

# सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से नहीं संभल रहे जिले के हॉस्टल

## बच्चों से जुड़े कई संवेदनशील मामले आए सामने लेकिन इनपर आजतक नहीं हुई कोई कार्रवाई

**कोरिया/बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में छात्रावासों की स्थिति पूरी तरह बेलगाम हो चुकी है। मामले उजागर होते है तो निचले स्तर के जिम्मेदार दोषियों पर निलंबित की कार्यवाही के बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में तब्दील हो जाता है। और अगली घटना का इंतजार शुरू हो जाता है। कभी कोई ठोस कार्यवाही इनके मुखिया सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पर संबंधित विभाग की ओर से न ही शासन स्तर से देखने को मिली जिससे छात्रावास या अध्यनरत छात्र खबरों की सुर्खियां न बन सके। कभी अधीक्षक शराब के नशे में ड्यूटी निभाते है तो कभी छात्र अवैध वसूली की शिकायत पर कार्यवाही न होने से नाराज हो कर सड़क पर उतर कर चक्का जाम कर प्रदर्शन करने सड़क पर बैठ जाते है। हद तो तब हुई जब एक नाबालिक छात्रा प्रेग्नेंट हो गई और हॉस्टल में ही गर्भपात हो गया इतने मामले बिसरे नही की हाल ही में एक बालक छात्रावास में प्यून ने 9 वर्षीय बालक का 8 महीने से यौन शोषण करता रहा ही । जिसकी शिकायत ज़ब थाने में दर्ज हुई तब कहीं जाकर संबंधित विभाग के अधिकारी नींद से जागे और पहले प्यून और बाद में अधीक्षिका को निलंबित कर दिया । तमाम हादसे होते रहे पर बड़े जिम्मेदार पर एक्शन लेने में शासन प्रशासन के हाथ पाँव फूल रहे हैं छात्रावास में रह रहे छात्र कही न कही प्रताड़ित है। इस लिए हम कह रहे की सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से हॉस्टलों की स्थिति सम्हल नही रही बच्चों की सुरक्षा,भोजन व्यवस्था और कर्मचारी पर लगाम की कसावट ही नही ला पा रही है।




**शबालक आश्रम मझारटोला का मामला**

सोनहत विकासखण्ड के वनांचल दूरस्थ इलाके पर मौजूद बालक आश्रम मझारटोला में जब 21 सितंबर 2024 को मीडिया की टीम पहुची थी तब अधीक्षक हॉस्टल से नदारत थे। और प्यून शराब के नशे में बच्चों को खिचड़ी नुमा पिला चावल परोस कर खिला रहे थे। मीडिया कर्मी ने कोरिया कलेक्टर के संज्ञान में मामले को लाया जिस पर तत्काल एक्सन लेते हुए कोरिया कलेक्टर ने जांच के लिए सहा आयुक्त को निर्देशित किया जांच सही पाई गई और अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया ।

**छात्रा ने हॉस्टल में बच्चे को दिया था जन्म**

घटना कोरिया जिले के सोनहत विकास खण्ड स्थित एकलव्य कन्या छात्रावास का मामला जहाँ 1 मार्च 2024 को ये खबर प्रकाशित हुई जिसमें छात्रावास में रह रही नाबालिक छात्रा गर्भवती हो गई । और हॉस्टल में ही गर्भपात हो गया । जांच हुई दोषियों पर कार्यवाही हुई अधीक्षिका को निलंबित किया गया।

**छात्रावास के बच्चों ने किया था चक्का जाम**

4 सितंबर 2024 को कोरिया जिले के बैकुंठपुर आदिवासी पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास के रहवासी करीब 70 छात्रों ने सुबह डीईओ कार्यालय के सामने सड़क पर उतर कर चक्काजाम कर दिया कुछ 4 दिनों पूर्व छात्रावास अधीक्षक द्वारा छात्रों से सामान उपयोग के नाम पर एक एक हजार रुपए अवैध रूप से वसूली की जा रही थी जिसके खिलाफ छात्रों ने सोसल मीडिया के माध्यम से विरोध किया था साँथ ही अपर कलेक्टर को शिकायत पत्र दिया था । प्रशासनिक स्तर से कार्यवाही शून्य होता देख छात्र आज सड़क की लड़ाई पर उतरे और जम कर प्रदर्शन किया। बाद में जांच हुई और अधीक्षक निलंबित हुए। और अभी हाल में कटगोड़ी बालक आश्रम का प्यून छात्रावास के नौ वर्षीय बालक से पिछले आठ माह से यौन शोषण करने के मामले में गिरफ्तार हुआ है अब यहाँ गौर करने वाली बात यह है कि छात्रावास की अधिक्षिका को आठ माह से चल रहे खेल के बारे में कैसे खबर नहीं हुई और समय समय पर निरिक्षण करने वाले विभागीय अधिकारीयों को भी इसकी भनक नहीं लगी तमाम संवेदनशील हादसों से यही साबित होता है कि सहायक आयुक्त(ट्ट) से न हॉस्टल सम्हल रहा न उनके खुद के कर्मचारी परिजनों मे भी कही न कही बच्चों को लेकर भय व्याप्त है।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिस भी शिक्षक को आश्रम अधीक्षक बनना होता है मुखिया को मोटा कमीशन देकर सीधे स्कूल के गुरूजी से प्रभारी आश्रम अधीक्षक बन जाता है ऐसे शिक्षकों को अधीक्षक बनाने से पहले जिम्मेदार यह भी नहीं देखते की संबंधित स्कूल के बच्चों की पढ़ाई कितनी प्रभावित होगी ऐसे कई प्रभारी अधीक्षक हैं जो आशर्मो में मलाई खा रहे हैं और संबंधित स्कूल से हर महीने का पेमेंट उठा रहे हैं इस मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारी भी हाथ खड़े करते नजर आते हैं उनका कहना है की हमें जिस शिक्षक का नाम सहायक आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा भेजा जाता है हम उन्हें उपलब्ध करा देते हैं लेकिन उनका पेमेंट उसी स्कूल से बनता है कुल मिलाकर कहना गलत नहीं होगा की ऊपर से ही सिस्टम भ्रष्ट है तो निचले स्तर पर तो भ्रष्टाचार की गंगा बहेगी ही अब देखना है कि इतने संवेदनशील मामले उजागर होने के बाद क्या जिला प्रशासन सम्बन्धित सहायक आयुक्त पर कोई ठोस कार्यवाही करता है या फिर उनकी मनमानी चलने देता है।

## यातायात पुलिस ने सड़क पर गलत तरीके से खड़ी वाहनों पर की कार्यवाही



**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर यातायात पुलिस के द्वारा चेम्बर ऑफ कार्मस के अध्यक्ष, गणमान्य नागरिकों की बैठक लेकर शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने, गलत एवं लापरवाही पूर्वक गाड़ियों को सड़कों पर खड़ा न करने की समझाईश दी गई थी। किन्तु लोगों के द्वारा लापरवाही पूर्वक गलत तरीके से एनएच पर कार व अन्य वाहनों को खड़ा कर यातायात को बाधित करने पर वाहन चालकों को समझाईश के साथ ही उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय के द्वारा शहर में लगातार पेट्रोलिंग कर ट्रैफिक सुगम बनाने पूरे अमले के साथ लगे हुए है। शुक्रवार को एनएच-43 पर कई वाहन चालकों के द्वारा लापरवाही पूर्वक गलत तरीके से कार व अन्य वाहनों को खड़ा कर दिया था जिस पर यातायात पुलिस के द्वारा वाहनों में लॉक लगाई गई और वाहन चालकों को समझाईश दी गई साथ ही एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही भी की गई है। यातायात पुलिस सूरजपुर लगातार गलत पार्किंग कर मार्ग अवरूद्ध करने वालों वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करेगी। यातायात प्रभारी ने नागरिकों से अपील किया है कि शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करते हुए यातायात नियमों का पालन करें और सड़क पर लापरवाही पूर्वक वाहनों को खड़ा न करें।

# कार्यकर्ता हमारी ताकत, एक जुटता से लड़ेंगे चुनाव:तिवारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** त्रि स्तरीय पंचयात चुनाव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने भाजपा के सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि, पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारो पक्ष मे पुरी ताकत एवं एक जुटता के साथ चुनाव लड़े। भाजपा के सभी कार्यकर्ता योग्य समर्पित एवं सच्चे जन सेवक है, संगठन सभी को समाज सेवा का कई माध्यमो से अवसर देंगा। त्रि स्तरीय पंचयात चुनाव में कार्यकर्ताओ की मेहनत की जीत होंगी, जिला एवं जनपद पंचयात में प्रचंड मतो पार्टी प्रत्याशी की जीत होंगी। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के विरुद्ध चुनाव लड़ने वाले कार्यकर्ताओं को चिन्हांकित कर आगामी समय में अनुशासनत्मक कार्यवाही करने का निर्णय लिया जाएगा। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि, जो कार्यकर्ता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध निर्वाचन में भाग लिया गया है। उसे पूर्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आपको ऐसा करने से मना किया था किन्तु आपके द्वारा अनुशासन के विपरीत आचरण किया गया है। इस संबंध में आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। 10 फरवरी तक जिला कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने जिले सभी मंडल अध्यक्षों से पत्र लिखकर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव प्रचार में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कार्य करने व सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओ की सूची मांगी है। मंडल अध्यक्षो द्वारा भेजी गई सूची को प्रमाणित मानते हुए ऐसे कार्यकार्यओ पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## हत्या का आरोपी पुलिस को चकमा देकर हुआ फरार

**बलरामपुर।** हत्या के बाद पुलिस हिरासत में रखा गया आरोपी आज सुबह चकमा देकर फरार हो गया. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संयुक्त अभियान चला रही है. आरोपी के भाग जाने से उसके गांव कोटराही के रहवासी दहशत में हैंबता दें कि वाड्रफनगर चौकी क्षेत्र के कोटराही गांव में कल रात आरोपी संजय खेरवार ने पड़ोसी ओमप्रकाश कुशवाहा के घर में घुसकर उस जानलेवा हमला किया था. गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी. पुलिस ने अपने घर के छत में छिपे आरोपी युवक को जांच के दौरान पकड़ कर वाड्रफनगर चौकी ले आई थी।

# 5 लाख कीमत के 1000 नशीली कफ सिरप के साथ 1 अपचारी सहित 4 गिरफ्तार



**सूरजपुर।** जिले की पुलिस ने नशीली दवाओं के विक्रेताओं को नशे की सामग्री खपाने के पहले ही धरदबोचा है, आरोपियों से कब्जे से 5 लाख कीमत के 1000 नग नशीली कफ सिरप बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के कड़े तेवर के बाद से ही जिले की पुलिस निरंतर अवैध कारोबार व सूखा नशा के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही में लगी हुई है। इसी क्रम में 07.02.2025 को चौकी लटोरी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि तुलसीनाला के पास चार व्यक्ति बनारस की ओर से आने वाले बस से उतरे है जो अपने पास अवैध नशीली दवाई कफ सिरप रखे है और बिक्री करने के लिए या अन्यत्र कहीं ले जाने के लिए साधन व ग्राहक की तलाश कर रहे है।

चौकी लटोरी पुलिस सूचना की तस्दीक व कार्यवाही के लिए फौरन ग्राम तुलसी नाला पर पहुंची और घेराबंदी कर विकास सिंह राणा पिता विजय सिंह राणा उम्र 30 वर्ष, सूरज सिंह पिता धनेश्वर सिंह उम्र 20 वर्ष व आशीष सिंह उर्फ गोलू पिता गोकुल सिंह उम्र 30 वर्ष ग्राम केनाबांध, थाना कोतवाली अम्बिकापुर तथा 1 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक को पकड़ा जिनके कब्जे से ऑनरेक्स कफ सिरप 1000 नग जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 5 लाख रूपये है। मामले में नशीली कफ सिरप जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं मामले के 1 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालकों को विधि अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी अरूण गुप्ता, प्रधान आरक्षक रविशंकर किण्डो, आरक्षक अम्बिका मरावी, शोभनाथ कुशवाहा, सुनील एक्का, मनोज सिरदार, भोला केरकेट्टा सक्रिय रहे।

# डीआईजी/एसएसपी ने नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का किया निरीक्षण





**सूरजपुर।** नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने शुक्रवार, 07 फरवरी 2025 को नगरीय निकाय चुनाव के लिए भटगांव के हाईस्कूल, जरही के मैत्री भवन एवं प्रतापपुर के कन्या हाईस्कूल तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए बालक हाईस्कूल स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिये। सभी स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल का निरीक्षण किया और 24 घंटे कड़ी सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश दिए।

भटगांव के हाईस्कूल स्ट्रांग रूम में सीसीटीव्ही कैमरा लगाने के कार्य सहित सभी तैयारियों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। मतगणना के दिन वाहनों की पार्किंग स्थल का जायजा लिया और सुव्यवस्थित प्रबंध करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए। इस दौरान थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी, थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, सीएमओ सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# वादे पूरे करने का सामर्थ भाजपा में है,,मोदी की गारंटी और सुशासन की सरकार में कांग्रेस का घोषणा पत्र काठ की हांडी जैसा: नेताम

**कोरिया/बैकुंठपुर।** पटना नगर पंचायत चुनाव अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह के समर्थन रैली में कोरिया जिले के पटना पहुंचे प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार सिंह नेताम व क्षेत्र के विधायक भईया लाल राजवाड़े बड़े और प्रभावी चेहरे के रूप में पटना नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह के रोड शो रैली में रहे शामिल। हजारों कार्यकर्ता,नेता और समर्थकों से भरी रैली पटना आदर्श चौक से इमली चौक सभा स्थल तक रही आयोजित। रैली पश्चात आयोजित आम सभा में उपस्थित भाजपा कोरिया के युवा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कृषि मंत्री माननीय रामविचार सिंह नेताम और क्षेत्रीय विधायक भईया लाल राजवाड़े का फूल माला से स्वागत किया । श्री तिवारी ने आमसभा के मंच से मोदी सरकार की पूरी हुई गारंटी और विष्णुदेव साय सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए पटना नगर पंचायत क्षेत्र को भाजपा के तीसरे इंजन की सरकार के तौर पर सीधे विकास से जोड़ने का अपील किया और पटना नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह और सभी 15 को पार्षद प्रत्याशियों को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाने पटना वासियों से निवेदन किया । प्रत्याशी गायत्री सिंह की समर्थन रैली के मंच से क्षेत्र के वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े ने मंच पर उपस्थित प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार सिंह नेताम का स्वागत और उद्बोधन करते हुए कहा की हमारे कृषि मंत्री माननीय रामविचार सिंह नेताम जी राम के विचारों को आप पटना वासियों के समक्ष रखने आएं हैं जिनके शब्दों का स्मरण पटना वासियों को करना है और प्रधानमंत्री मोदी जी के उद्देश्य विकसित भारत संकल्प अभियान सहित विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन से नगर पंचायत पटना को जोड़कर विकास के क्षेत्र में अग्रणी रखना है । आमजन को संबोधित करते हुए विधायक राजवाड़े ने कहा की कांग्रेस के घोषणा पत्र के भुलावे में पटना की जनता को नहीं आना है क्यों की केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है और घोषणा पत्र के वादों को केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार दोनों ही सरकारें पूरी करती आई हैं। और उसी तरह आगे भी पूरी होती रहेगी।संबोधन में विधायक राजवाड़े ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को कभी पूरा नहीं होने वाला घोषणा पत्र बताते हुए कहा की सरकार भाजपा की है तो वादे कांग्रेस कैसे पूरा करेगी । इसलिए कांग्रेस का घोषणा पत्र औचित्यहीन है । श्री राजवाड़े ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के उपलब्धियों को पटनावासियों के समक्ष अवगत कराते हुए भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह को पटना नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में विजयी बनाने समर्थन का अपील किया।

6 फरवरी को पटना में आयोजित नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह के समर्थन रैली के मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल प्रदेश के कृषि मंत्री माननीय रामविचार सिंह नेताम ने आमसभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह और 15 सभी भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों को मंच पर बुलाकर बारी बारी से आम जनता से परिचय कराया और उन्हें आगामी चुनाव के लिए सफलता की बधाई दी । मंच से आमजनों को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार आपकी अपनी सरकार है। जो आपके छोटे से छोटे और मूलभूत आवश्यकताओं को पूरी करने वाली सुख दुख की साथी सरकार है। जहां एक तरफ प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी राष्ट्र सहित राज्य के प्रत्येक गरीब परिवार को रोजगार सहित आवास उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। देश की माताओं बहनों को महतारी वंदन योजना से आर्थिक सहयोग पहुंचाकर उनकी मदद कर रहे हैं।किसानों को लाभ और कृषि हेतु उन्नत तकनीक मुहैया करा रहे हैं । उसी तरह राज्य की विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार भी आप सभी के विकास में निरंतर प्रतिबद्ध है। मंत्री रामविचार ने कहा की नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के अटल विश्वाश पत्र में उल्लेखित सभी वादों को भाजपा पूरी करेगी और हर क्षेत्र में विकास के रूप में आप सभी के साथ खड़ी थी और आगे भी रहेगी । कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मंत्री श्री नेताम कहा की मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन में कांग्रेस का घोषणा पत्र काठ की हांडी जैसा है जो कोरा झूठ है। तत्पश्चात मंत्री श्री नेताम ने पटना नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह के समर्थन में वोट करने सहित भाजपा समर्थित सभी 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने व पटना में भाजपा की सरकार बनाने पटना वासियों से अपील किया । संबोधन की कड़ी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी कृष्ण बिहारी जायसवाल ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा की नगर पंचायत पटना को भाजपा ने बनाया भाजपा ही संवारेगी और पटना नगर पंचायत अध्यक्ष की प्रत्याशी गायत्री सिंह जिन्होंने आपके पटना क्षेत्र के विकास के लिए बीते 10 वर्षों तक सरपंच के रूप आपके साथ सहज सरल स्वभाव सहित मिलनसार महिला के रूप में रहकर कार्य किया है। उन्हीं अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह सहित सभी 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को आप के सहमति और इच्छा से भाजपा ने प्रत्याशी बनाकर चुनाव में उतारा है । इसलिए मेरी आप सभी पटना वासियों से अपील है की गायत्री सिंह सहित सभी 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को आप सभी अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए समर्थन दें और पटना नगर पंचायत सहित पूरे क्षेत्र को भाजपामय बनावें। रैली में मुख्य रूप से बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार सिंह नेताम,विधायक भईया लाल राजवाड़े सहित जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,जवाहर गुप्ता,रविशंकर शर्मा,उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े,महामंत्री पंकज गुप्ता,नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह,बैकुंठपुर नगरपालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे,नगर पालिका चरचा के अध्यक्ष अरुण जायसवाल सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।



# 6 निकायों में 425 पोलिंग बूथ, इनमें से सिर्फ 154 ही सामान्य श्रेणी में शामिल

## 232 संवेदनशील और 39 अति संवेदनशील, 1 हजार जवान करेंगे सुरक्षा

**कोरबा।** नगरी निकाय चुनाव के लिए कोरबा जिले के 6 निकायों में 11 फरवरी को मतदान की प्रक्रिया होना है। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जहां मतदान दलों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है वही सभी 425 पोलिंग बूथ पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से आवश्यक तैयारी कराई जा रही हैं। पुलिस के अलावा स्पेशल पुलिस ऑफिसर समेत छत्तीसगढ़ होमगार्ड व फॉरेस्ट कमी भी सुरक्षा के काम में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

निकाय चुनाव के संबंध में लगातार स्थानीय निर्वाचन विभाग की गाइडलाइन के बारे में संबंधित को अवगत कारण जाता रहा है। कोरबा जिले में एक नगर निगम, तीन नगर पालिका परिषद और दो नगर पंचायत जैसी संस्थाएं काम कर रही हैं। इन संस्थाओं के लिए अगले 5 वर्ष के लिए नए जनप्रतिनिधि चुने जाने हैं। पिछले महीने नामांकन से जुड़ी प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों ने अपना चुनाव प्रचार शुरू किया और जन-जन तक पहुंच बनाने में रुचि ली। अब प्रत्याशियों की अग्नि परीक्षा के दिन काफी नजदीक है। मतदान संपन्न कराने की जिम्मेदारी प्रशासन और पुलिस के कंधों पर है और इसलिए उसकी ओर से पर्याप्त प्रबंध जिले के शहरी क्षेत्र में कराए जा रहे हैं। पूरा फोकस इसी बात पर है कि चुनाव शांतिपूर्वक और बिना किसी विघ्न बाधा के संपन्न हो।

जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के सभी नगरी निकायों में मतदाताओं को अपना वोट देने के लिए कुल 425 मतदान केदो की व्यवस्था कराई गई है। इनमें से कुल 154 ममतदान केन्द्र ही सामान्य श्रेणी में है। मतदान टीम और मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऐसे सभी मतदान केदो में जरूरी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई है। इनका निरीक्षण लगातार अधिकारियों की ओर से किया जा रहा है ताकि मतदान से पूर्व यहां से संबंधित सभी प्रकार की कर्मियों को दूर किया जा सके। बताया गया कि नगर पालिका निगम कोरबा के अंतर्गत 67 वार्ड में 297 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 83 सामान्य है जबकि 192 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। वहीं 22 अति संवेदनशील श्रेणी में है।

नगर पालिका परिषद दीपिका में 30 मतदान केदो में से सामान्य 13 सामान्य, 13 संवेदनशील और 4 अतिसंवेदनशील श्रेणी में है। कटघोरा नगर पालिका में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 21 है। यहां पर 11 केन्द्र सामान्य और 10 केन्द्र संवेदनशील है। नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के 47 मतदान केन्द्रों में से 27 सामान्य है, जबकि 16 संवेदनशील और 4 अतिसंवेदनशील हैं।

### निष्पक्ष चुनाव कराना प्रतिबद्धता

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक युव्हीएस चौहान ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव को कुल मिलाकर निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्विघ्न संपन्न कराना जिम्मेदारी है। बूथों की स्थिति और संभावित तस्वीर को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करायी जा रही है। 1 हजार सुरक्षाकर्मी यहां पर ड्यूटी करेंगे। पुलिस के साथ-साथ एसपीओ सहित वन एवं छत्तीसगढ़ होमगार्ड के जवान सुरक्षा के कार्य में संलग्न होंगे।

जबकि नगर पंचायत छूरीकला के 15 मतदान केन्द्रों में 7 सामान्य और 8 संवेदनशील हैं, जबकि नगर पंचायत छूरीकला के 15 बूथ में से 12 सामान्य और 3 संवेदनशील हैं। इस तरह जिले में कुल 32 मतदान केन्द्र संवेदनशील और 39 अतिसंवेदनशील हैं।

# कामकाज और व्यवहार रखता है मायने, बदली वोटर की सोच

## समस्या और जरूरत के आगे भी कई चीजें

**कोरबा।** 11 फरवरी को नगरी निकाय चुनाव के लिए मतदान संपन्न होना है। चुनाव प्रचार के लिए अब सीमित समय बचा हुआ है और ऐसे में हर कोई मतदाताओं से संपर्क करने में लगा हुआ है। स्थानीय मुद्दे इस चुनाव में सबसे ज्यादा हावी हैं और चुनाव के नतीजे को यही सब प्रभावित करते हैं। नगर पालिक निगम से लेकर नगर पालिका और नगर पंचायत में अबकी बार सरकार की उपलब्धि और विकास से कहीं ज्यादा कई इलाकों में निर्दलीय प्रत्याशी अपने कामकाज और व्यवहार के चलते प्रमुख दलों के प्रत्याशियों पर हावी होते नजर आ रहे हैं। इसके कारण अनेक वार्डों में समीकरण बुरी तरह से गड़बडाया हुआ है।

कांग्रेस के पास यही मुद्दा है कि उसने पिछली सरकार के दौरान निकायों में विकास के लिए कामकाज किया। बात पुरानी हो गई है इसलिए अब एक वर्ष में भाजपा सरकार के कामकाज की गलतियां निकालने के साथ कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अपनी के अब तक के कामकाज और केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से मिल रहे लाभ के आधार पर लोगों को इस चुनाव में भी समर्थन देने की मांग कर रहे हैं। तरुण छत्तीसगढ़ की टीम ने कोरबा जिले के विभिन्न निकायों में भ्रमण कर जाना कि मतदाताओं का मूड क्या है और वह किसके पक्ष में किस प्रकार की बात रखते हैं। इस दौरान कुछ इलाकों से हैरान करने वाली तस्वीर सामने आई।

मतदाताओं ने बातचीत में साफ तौर पर कहा की स्थानीय मुद्दों पर यह चुनाव हो जरूर रहा है लेकिन मुद्दों से कहीं ज्यादा दूसरी चीज मायने रखते हैं। उन्होंने उदाहरण के साथ इसे स्पष्ट किया और बताया कि उन्होंने पिछले 5 वर्षों में महसूस किया कि कि पार्षद ने बेहद सहज तरीके से हमारे लिए काम किया। योजनाओं की समय पर जानकारी दी और बहाने बाजी करने में रुचि नहीं ली। लोगों का कहना यह भी है कि इस पूरे कार्यकाल में निर्वाचित जनप्रतिनिधि का हमारे प्रति रवैया कैसा रहा, यह भी बहुत कुछ मायने रखता ही है। लोगो का दृष्टिकोण समय के साथ लगातार बदल रहा है और वह स्थानीय निर्वाचन के मामले में इस बात पर जोर देते हैं कि थोड़े बहुत रुपए और संसाधन के लिए निर्णय को बदला नहीं जा सकता। दूसरी ओर निकायों के कई बार ऐसे भी हैं जहां पर पिछले चुनाव में लोगों ने निर्दलिय उम्मीदवार को जीत का रास्ता दिखा दिया लेकिन बाद में वह उनकी कसौटी पर खरे नहीं उतरे । इसलिए ऐसे वार्डों में लोगों का रुझान पूरी तरीके से बदलाव करने को लेकर बना हुआ है और उन्होंने यहां से राष्ट्रीय दल पर विश्वास जताने की मानसिकता बनाई है। लोगों का यह कहना है कि प्रदेश में सत्ता संचालन करने का मतलब यही होता है कि उनके माध्यम से ही विभिन्न प्रकार की समस्याओं का निराकरण आसानी से हो सकता है और लोगों की जरूर को पूरा किया जा सकता है। इस नाते परंपरागत सोच को ध्यान में रखना भी जरूरी है।

# भाजपा समर्थित प्रत्याशी को धमकी, पुलिस जुटी जांच में

## पंचायत चुनाव में गुंडे भिजवाने की नौबत

**कोरबा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अगले पखवाड़े मतदान होना है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्याशी यहां वहां प्रचार में डटे हुए हैं। पौड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से जनपद सदस्य प्रत्याशी राजकुमार पांडे को उठवा लिए जाने की धमकी मिलने का मामला अब तूल पकड़ रहा है। पसान पुलिस ने बताया कि प्रकरण में मोबाइल नंबर 9813119968 और इसके उपयोगकर्ता के बारे में आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।




पौड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से राजकुमार पांडे भाजपा समर्थित हैं जो इस चुनाव में प्रत्याशी हैं। उनकी दावेदारी के कारण प्रतिद्वंदी की हालत खराब है। ऐसी स्थिति में चुनाव को किस प्रकार से प्रभावित किया जाए और अपने दबे को कैसे कायम रखा जाए यह अपने आप में एक मसला बना हुआ है। इसीलिए चुनाव में कई प्रकार के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं ताकि दूसरों को मानसिक रूप से परेशान किया जा सके। पिछले दिनों राजकुमार पांडे के मोबाइल नंबर पर फोन कॉल आया जिसमें उसे धमकी दी गई। इसमें हरियाणा से बड़ी संख्या में गुंडे भिजवाने और यहां की पूरी तस्वीर को बदल देने की बात कही गई। जिस नंबर से पांडे के पास फोन आया वह 9813119968 था। पुलिस को की गई शिकायत में बताया गया है कि धमकी देने वाले ने सुरेश जाखड़ के नाम का प्रयोग किया। शिकायतकर्ता के द्वारा अपने चुनाव में प्रत्याशी के रूप में शामिल होने और उनकी दावेदारी को प्रभावित करने के लिए इस प्रकार की कोशिश की जा रही है जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अत्यंत घातक हैं। धमकी से जुड़े इस मामले को लेकर की गई शिकायत को लेकर पसान पुलिस थाना प्रभारी से बातचीत करने पर मालूम चला कि इस पर संज्ञान लिया गया है। संबंधित जानकारी साइबर सेल को भेजी गई है। अगली कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी ताकि सुरक्षा के वातावरण को दूर किया जा सके।

# निर्मला और सरोज के बीच रोचक मुकाबला

**कोरबा।** जिला पंचायत चुनाव कि मतदान की प्रक्रिया प्रारंभिक रूप से हो चुकी है और अभ्यर्थियों के नाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रत्याशियों ने अपने कार्य क्षेत्र में मेहनत शुरू कर दी है। कोरबा जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 1 से इस बार कौन सा प्रत्याशी बाजी मारता है इस पर आसपास के लोगों के साथ-साथ राजनीतिक विश्लेषकों की नजर गड़ी हुई है।

भाजपा ने अधिकृत रूप से निर्मल कॉमर्स को यहां से अपना प्रत्याशी घोषित किया है जो पूर्व गृह मंत्री राम कहूं भाजपा ने अधिकृत रूप से निर्मल कँवर को यहां से अपना प्रत्याशी घोषित किया है जो पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर की बहू है। मूल रूप से इस क्षेत्र में राठीया जनजाति के लोगों की संख्या ज्यादा है और चुनाव के दौरान वे अपनी भूमिका को निर्णायक रूप से साबित करते हैं। इसलिए कांग्रेस ने इससे समीकरण को ध्यान में रखते हुए पंचायत चुनाव में कंवर समुदाय से सरोज कंवर प्रत्याशी को उतारा है। जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित इस सीट से राठिया वर्ग के कई चेहरे इस चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। दूसरे चुनाव के अनुरूप पंचायत चुनाव में भी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए कई प्रकार के प्रबंधन करने होते हैं जिनमें बकरा भात पार्टी के साथ-साथ रुपए पैसों का इंतजाम भी जरूरी हो जाता है। इलेक्शन मैनेजमेंट में इस तरह की परंपरा को अस्वस्थ बताया जा रहा है इसलिए पुलिस और प्रशासन की नजर गलत तरीकों के इस्तेमाल की रोकथाम पर बनी हुई है।

# भूमि का दुरूपयोग करने पर पटवारी सस्पेंड

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा तहसील करतला अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 34 ग्राम चोरभट्ठी के पटवारी लोकेश्वर मैत्री को ढाई सौ एकड़ से अधिक शासकीय भूमि को निजी भूमि बनाकर भूमि स्वामियों के नाम पद दर्ज करने के मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के प्रतिवेदन के आधार पर निलंबित कर उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय पसान नियत किया गया है। इस मामले में कलेक्टर ने नियम विरूद्ध बटांकन दर्ज करने पर पटवारी, कंप्यूटर आपरेटर बिट्टू चौहान सहित अन्य 10 भूमि स्वामियों के विरूद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज कराने एसडीएम कोरबा को निर्देशित किया है।

तहसील करतला अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 34 ग्राम चोरभट्ठी के पटवारी लोकेश्वर मैत्री द्वारा ग्राम चोर भट्ठी में स्थित भूमि मूल खसरा नंबर 223, 265, 312, 503, 980 को 10 व्यक्तियों के नाम पर आरडी सीरिज में दर्ज कर 24.10.2024 को सत्यापित किया गया है। प्रतिवेदन में बताया गया कि उक्त खसरा नंबर एवं रकबा अन्तर्गत भूमि स्वामी बने विजय पिता मेलाराम, नवीन बहादुर पिता हरी बहादुर, गजानंद पिता हीरादास, रामेश्वर पिता सहेत्तर, धनेश पिता परसराम, हीरादास पिता भुवनदास, भालेश्वर पिता शिवकुमार, विनोद विश्वास पिता विवेक विश्वास, दोमेंन्द्र प्रसाद पिता महावीर, ज्योति राय पिता प्रिंस राय को भूमि स्वामी बनाया गया है। जांच प्रतिवेदन में बताया गया कि खसरा नंबर एवं रकबा 223/7, 265/7, 312/8, 503/10, 980/7 रकबा क्रमशः 2.500, 2.430, 1.980, 1.560, 1.852 हेक्टेयर भूमि एक्सिस बैंक रायपुर छत्तीसगढ़ में 27.12.2024 से बंधक है।

# प्रतिनियुक्ति का सपना दिखाकर पौने 5 लाख की ठगी, पुलिस ने हिरासत में लिया आरोपियों को

**कोरबा।** परिवहन विभाग में प्रतिनियुक्ति करवाने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में बलौदा बाजार पुलिस ने कोरबा जिले के गुरसियां निवासी दंपत्ति को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम रिसदा निवासी सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकाश सिंह से आरोपी रोशन बघेल और उसकी पत्नी हेमलता बघेल ने कहा कि वे उसे परिवहन विभाग में प्रतिनियुक्ति करवा सकते हैं। इसके लिए उन्होंने 5,00,000 की मांग की। झांसे में आकर प्रार्थी ने उन्हें 4,75,000 दे दिए। लेकिन पैसे मिलने के बाद भी उसकी प्रतिनियुक्ति नहीं हुई। जब प्रार्थी ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने रकम लौटाने से इनकार कर दिया और मोबाइल नंबर भी बंद कर दिए।

ठगी का एहसास होने पर प्रकाश सिंह ने थाना सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की जांच की और आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 215/2023 धारा 420, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने ठगी की बात स्वीकार की।पुलिस ने दोनों आरोपियों को आज विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी रोशन बघेल (52 वर्ष) और उसकी पत्नी हेमलता बघेल (48 वर्ष) ग्राम गुरसिया, थाना बांगो, जिला कोरबा के निवासी हैं।



**कोरबा। श्री साईं सेवा समिति द्वार राम सागर पारा में स्थित सांई मंदिर में भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।**

# बालको ने मोर जल-मोर माटी परियोजना के अंतर्गत लाख की खेती के माध्यम से ग्रामीण आय को दिया बढ़ावा

**कोरबा।** कोरबा जिले में स्थापित वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपनी सामुदायिक विकास पहल मोर जल-मोर माटी के अंतर्गत लाख खेती के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। इसका उद्देश्य लाख की खेती पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान कर, किसानों को सशक्त बनाना है। इस प्रशिक्षण में उन लोगों पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिनके पास बेर, कुसुम और पलाश जैसे पेड़ हैं जो इसके लिए आवश्यक हैं।

अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचने के लिए अनेक सत्र आयोजित किये गए। आयोजित सत्र में 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया। जानकारी देते हुए बताया जा रहा हैं की आने वाले समय में कई प्रशिक्षण सत्र और आयोजित किये जाएंगे। आने वाले समय में अधिक किसान इस पहल से लाभांवित होंगे। आय के द्वितीयक स्रोत के रूप में लाख की खेती की शुरुआत कर बालको ने 400 से अधिक किसानों के लिए ?50,000 की अतिरिक्त औसत आय उत्पन्न करने में मदद की है।



छत्तीसगढ़ एक प्रमुख लाख उत्पादक राज्य है। जलवायु परिवर्तन के कारण पैदावार में उतार-चढ़ाव का सामना कर रहा कोरबा कभी एक प्रमुख उद्योग केंद्र था। 2023 में मोर जल-मोर माटी पहल ने आधुनिक तरीकों के साथ झारखंड से विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान करके क्षेत्र में लाख की खेती को पुनर्जीवित किया। इसने स्थानीय किसानों और कर्मचारियों को सशक्त बनाया है। किसान अब संसाधनों को साझा करते हैं और साथ मिलकर खेती करते हैं। इस पहल के साथ ब्रूड लाख की आपूर्ति होती है। इसकी खेती साल में दो बार होती है। बीज उत्पादन तथा व्यावसायिक उत्पादन, जिसके परिणाम स्वरूप उत्पादन में वृद्धि होती है।

लकड़ी की फिनिशिंग, भोजन, सौंदर्य प्रसाधन, आभूषण इत्यादि जरूरी चीजों में इसका उपयोग होता है। इसके व्यावसायिक मूल्य के साथ लाख की खेती समुदायों के लिए स्थायी आजीविका का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही समुदाय द्वारा संचालित भूमि प्रबंधन को बढ़ावा देने तथा जैव विविधता संरक्षण में सहायता प्रदान करती है। कौशल और ज्ञान की कमी ने इसके विकास को सीमित कर दिया है। वैज्ञानिक खेती के तरीकों को अपनाने से मौजूदा लाख उगाने वाले क्षेत्रों में उत्पादकता को बढ़ावा मिलै है। लाख के उप-उत्पाद में ब्रूड, रंग और मोम आदि शामिल हैं। इसका उपयोग खाद्य, सौंदर्य प्रसाधन, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, चिपकने वाले पदार्थ, वार्निश और पेंट जैसे उद्योगों में किया जाता है। बेहतर खेती के तरीके लाभप्रद होने के साथ किसानों को पारंपरिक फसलों के लिए अधिक आकर्षक विकल्प भी प्रदान करता है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि मोर जल-मोर माटी परियोजना के माध्यम से हम किसानों को कृषि नवाचार एवं आधुनिक तकनीक के जोड़कर सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। किसानों को नई तकनीक अपनाने के लिए आवश्यक ज्ञान और संसाधन से सशक्त बनाकर हम दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। आय का एक अतिरिक्त स्रोत प्रदान कर हम ग्रामीण समुदाय की आजीविका का समर्थन कर रहे हैं। यह प्रतिबद्धता आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने और सभी क्षेत्रों में स्थिरता बढ़ाने के हमारे व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

कोरबा के ग्राम परसाखोला के ग्रामीण अमल ने अपनी कहानी साझा करते हुए कहते हैं कि एक किसान परिवार में पले-बढ़े होने के कारण, मैंने हमेशा लाख की खेती करने के बारे में सोचता था। हमारे गाँव का प्राकृतिक वातावरण इसके लिए एकदम सही है। हालांकि आर्थिक कारणों से मैंने अपनी आकांक्षाओं का पीछा नहीं किया। जब मुझे मोर जल-मोर माटी परियोजना के बारे में पता चला तो यह बदल गया। इसके तहत बेला में वेदांता कृषि संसाधन केंद्र (वीएआरसी) में लाख के बीज और प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण से मिली जानकारी से लाख की खेती शुरू की और लगभग ?80,000 का लाभ कमाया।

बालको की मोर जल-मोर माटी परियोजना 40 गांवों में लगभग 2200 एकड़ से अधिक भूमि के साथ 5700 किसानों तक अपनी पहुंच बना चुका है। परियोजना का कार्यान्वयन बायफ इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल लाइवलीहुड के सहयोग किया जा रहा है। परियोजना मौजूदा संसाधनों के साथ सतही जल प्रबंधन में सुधार, सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने और वर्षा पर निर्भरता को कम करने के लिए बहु-फसल को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। यह किसानों को लाख की खेती, पशुपालन, बागवानी और गैर-लकड़ी वन उपज जैसे नए रास्ते दिखाकर साल भर आय सृजन को सुनिश्चित किया है। किसानों विभिन्न प्रशिक्षण एवं कृषि नवाचार के लिए वेदांता एग्रीकल्चर रिसोर्स सेंटर (वीएआरसी) की स्थापना की गई है।

## धतूरा के सरपंच प्रत्याशी बुधवार सिंह नेटी का निधन-शोक की लहर

**कोरबा ।** कोरबा जिले के हरदीबाजार ग्राम पंचायत धतूरा के सरपंच प्रत्याशी का शुक्रवार की देर रात निधन हो गया है। वे लगातार 3 बार सरपंच बने थे व और अभी सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ रहे थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका देह संस्कार धतुरा मुक्ति धाम के किया जाना है। जिले के नेताओं एवं उनके समर्थकों ने शोक जताया है। उनके निधन की खबर से जिलेवासियो में शोक की लहर दौड़ गयी हैं।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com